हरिभूमि
# रायपुर भूमि





### ऐसा रहा सामान्य ज्ञान का प्रश्नपत्र

| विषय | पूछे गए प्रश्नों की संख्या | कठिनाई का स्तर |
|---|---|---|
| भारतीय राजनीति | 14 | मध्यम |
| भारतीय अर्थव्यवस्था | 13 | मध्यम से कठिन |
| इतिहास | 14 | मध्यम से कठिन |
| सामान्य विज्ञान | 12 | आसान से माध्यम |
| भूगोल | 23 | कठिन |
| करंट अफेयर्स और विविध | 24 | मध्यम से कठिन |
| कुल | 100 | मध्यम से कठिन |

# यूपीएससी ने पूछा- सिगरेट के पीछे प्लास्टिक है या नहीं अदरक-पुदीना कैसे पेड़, पीकॉक टैरेंटुला पक्षी की खासियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को रायपुर के 28 केंद्रों में हुई। इसके लिए 10 हजार 53 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, लेकिन केंद्र पहुंचने वालों की संख्या 60 प्रतिशत के करीब भी नहीं पहुंच सकी। दो पालियों में हुई परीक्षा में पहली पाली की तुलना में दूसरी पाली में कम अभ्यर्थी पहुंचे। पहली पाली में 5951 अर्थात 59.2 प्रतिशत कैंडिडेट्स परीक्षा दिलाने पहुंचे। दूसरी पाली में 5867 अर्थात 58.4 प्रतिशत ही केंद्र पहुंचे। पहली पाली की परीक्षा सुबह ▶▶शेष पेज 13 पर

- प्रथम पाली में 59 प्रतिशत रही उपस्थिति, दूसरी पाली में पहुंचे 58 प्रतिशत कैंडिडेट्स
- रायपुर के 28 केंद्रों में आयोजित की गई परीक्षा, 10053 ने किया था आवेदन



### बारिश ने किया परेशान

दोनों ही पालियों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों को कड़ी सुरक्ष जांच से गुजरना पड़ा। अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके थे। इनमें बगैर स्टीकर वाले पानी बोतल लाने से लेकर घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और कपड़े-आभूषणों के लिए गाइडलाइन शामिल थे। नियमतः अंतिम 30 मिनट में किसी भी अभ्यर्थी को वॉशरूम का प्रयोग नहीं करने दिया गया। दोनों पाली की परीक्षा में यह नियम लागू रहा। पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी घर जाने के स्थान पर केंद्र में ही रुककर दूसरी पाली की परीक्षा शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान शुरु हुई बारिश ने उन्हें परेशान किया।

### बजट के सवाल गायब, अर्थशास्त्र रहा कठिन

यूपीएससी के सवाल पिछले वर्ष की तुलना में कठिन रहे। सामान्य ज्ञान के सवालों से लेकर अन्य सभी प्रश्नों का स्तर कठिन रहा। परीक्षा देकर निकले कैंडिडेट्स के अनुसार, इस बार प्रश्नों के ट्रेंड में बदलाव देखने को मिला। अर्थशास्त्र के सवाल सबसे अधिक कठिन रहे। बजट के सवाल प्रश्नपत्र से गायब ही रहे। कई छात्रों के अनुसार, भूगोल के सवाल ▶▶शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### लिफ्ट लेकर की ढाई लाख की उठाईगिरी, चलती बाइक से कूदकर भागा

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक मोबाइल कारोबारी के रिकवरी एजेंट ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ ढाई लाख रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाश ने रिकवरी एजेंट से फाफाडीह आने लिफ्ट मांगने का झांसा दिया और उठाईगिरी की। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। फिलहाल बदमाश के बारे में अब तक किसी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के अनुसार मोबाइल कारोबारी संदीप रहेजा के रिकवरी एजेंट पितांबर चंद्राकर ने उठाईगिरी की शिकायत दर्ज कराई है। पितांबर ने पुलिस को बताया है कि वह शुक्रवार को पैसा कलेक्शन कर लौट रहा था। इस दौरान भनपुरी के पास एक युवक ने उसे हाथ मारकर रोका और फाफाडीह जाने लिफ्ट मांगा। सन्यासीपारा के पास लिफ्ट लिया युवक चलती बाइक से कूदकर भाग गया। शक होने पर पितांबर ने बैग चेक किया, तो बैग से दो नोट के बंडल में से एक बंडल गायब मिला। बैग में पांच लाख रुपए रखे थे।

### होटल में सेक्स रैकेट, दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में होटल में देह व्यापार कराने के मामले में दो फरार आरोपी होटल संचालक तथा उसके पार्टनर को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। होटल आदित्य तथा गेस्ट हाउस गन ग्रैंड के संचालक तथा पार्टनर कुशाध्वज बाग उर्फ कुणाल तथा सुमित बावरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर आरोप है कि ये अपने होटल तथा गेस्ट हाउस में पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा से युवतियों को बुलवाकर उनसे देह व्यापार कराते थे। पुलिस ने गेस्ट हाउस तथा होटल में 17 मई को छापामार कार्रवाई की थी।



### एक लाख का गांजा जब्त केरल का तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने केरल, थ्रिसूर के एक व्यक्ति के कब्जे से एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का साढ़े 11 किलो गांजा जब्त की है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में दिनेश एएल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिनेश को रेलवे स्टेशन स्थित मालधक्का के पास संदिग्ध हालत में घूमते देख उसके बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा मिला। पूछताछ में दिनेश ने पुलिस को बताया कि उसने ओडिशा से तस्करी कर गांजा लाया था।



### पेशी के दौरान कोर्ट से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने पेशी के दौरान कोर्ट में पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार होने वाला आरोपी मनीष साहू उर्फ गोलू को गरियाबंद से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मनीष एनडीपीएस एक्ट के मामले में महासमुंद जेल में बंद था। एक पुराने मामले में पुलिस मनीष को प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर कोर्ट लाई थी। इस दौरान मनीष पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

### पुरानी हो चुकी मशीनें बदली जाएंगी, कम वित्तीय खर्च में संचालन का खोजा जा रहा रास्ता

# आंबेडकर की आधा दर्जन बंद मशीनों को चलाने होगा ठेका, पीपीपी मोड पर मंथन

**आंबेडकर सहित कई बड़े अस्पतालों में डंप मशीनें, शुरू करने हाई लेवल पर विचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पतालों में खरीदी के बाद से डिब्बे में बंद पड़ी मशीनों से मरीजों की जांच आने वाले दिनों में शुरू किये जाने की संभावना है। इसके लिये शासन स्तर पर पीपीपी मोड लागू करने पर विचार किया जा रहा है। डिब्बे में बंद मशीनों के अलावा उन मशीनों को भी बदले जाने की योजना बनाई जा रही है जो पुरानी हो चुकी हैं। इसके लिए कम वित्तीय खर्च में संचालन का रास्ता खोजा जा रहा है। अभी आंबेडकर सहित शासकीय मेडिकल कालेजों से संबंधित कई अस्पतालों में मशीनें डंप हैं, जिसे शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

मरीजों के उपचार की सुविधा में वृद्धि के नाम पर सालों पहले करोड़ों खर्च कर कई मशीनें मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में खरीदी गई थीं। खरीदी के बाद विभिन्न तरह का विवाद या अन्य तरह की कमियां सामने आने की वजह से इन मशीनों की पैकिंग भी नहीं खोली जा सकी थी। मशीन होने के बाद भी जांच के लिए मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पताल का चक्कर काटना पड़ता है। शासन स्तर मरीजों की इन मजबूरियों को समझते हुए डंप पड़ी जांच मशीनों को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन मशीनों को भी बदलने की तैयारी की जा रही है जो लगातार उपयोग की वजह से काफी पुरानी हो चुकी और काम करते वक्त अचानक साथ छोड़ देती हैं। साथ ही जरूरत ▶▶शेष पेज 13 पर




### स्वास्थ्य मंत्री ने दिए संकेत

पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी पीपीपी मोड के जरिये जांच मशीनों का संचालन करने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि कई बंद पड़ी मशीनों को टेली रिपोर्टिंग के जरिए संचालन करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ने यह तय किया है की पीपीपी मोड़ में इसका संचालन किया जाएगा ताकि वित्तीय खर्च कम किया जा सके।

### यह मशीन चर्चा में

रायपुर मेडिकल कालेज से संबंधित आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में पैट सीटी स्कैन मशीन की खरीदी मरीजों की जांच सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया था। खरीदी के बाद विवाद की स्थिति बनी और मशीन की पैकिंग नहीं खुल पाई। मामला न्यायालय में लंबित होने की वजह इसे प्रारंभ करने के लिए अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। जगदलपुर मेडिकल कालेज में काफी समय पहले कैंसर के मरीजों की सिकाई के लिए रेडियोथेरेपी मशीन खरीदी गई थी। यह मशीन भी अब तक डिब्बे से बाहर नहीं आ पाई है। सूत्रों का कहना है कि कुछ कमियों को दूर कर इसे शुरू किया जा सकता है।

### आंबेडकर अस्पताल में बंद और जरूरत की मशीनें

- डिजिटल रेडियोग्राफी (एक्सरे) की 6 मशीन काम कर रही दो मशीनें बंद
- एमआरआई मशीन एक काम कर रही दूसरी बंद (बजट में खरीदी का प्रस्ताव)
- ब्रेकीथेरेपी मशीन- 2004 में खरीदी 2014 में एक्सपायर
- कैंसर विभाग की मेमोग्राफी मशीन पिछले चार साल से बंद
- ईएनटी विभाग में भी बेरा, ओएई, आडियोमेट्री की कई मशीन का उपयोग नहीं

### दो साल पहले सूची हुई थी तैयार

मरीजों की सुविधा के विस्तार के लिये दो साल पहले चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर तमाम मेडिकल कालेजों में मौजूद जरूरी उपकरणों की सूची तैयार कराई गई थी। इसका उद्देश्य सभी चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवा आंकलन कर कमियां दूर करना था। सूची तो तैयार की गई थी मगर उपकरणों की उपलब्धता के लिए राशि की व्यवस्था पर जाकर मामला अटक गया था। माना जा रहा है कि इस पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए गंभीर स्वास्थ्य विभाग अपने पीपीपी मोड के माध्यम से मरीजों को यह सुविधा प्रदान कर सकता है।

## अप्रैल में सिमटी रही गर्मी, मई में नहीं चल पाई ग्रीष्म लहर, सर्वाधिक 42 डिग्री तक पहुंचा प्रदेश का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस बार गर्मी ने अप्रैल के तीसरे सप्ताह में ही अपना प्रचंड असर दिखाया और मई में ग्रीष्म लहर असरहीन हो गई। लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर-पश्चिम की गर्म हवा का आगमन ज्यादा दिनों तक नहीं हो पाया। इस बार प्रदेश का सर्वाधिक पारा 42 डिग्री दुर्ग में दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दस साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब राज्य में मई का महीना बिना तेज गर्मी के गुजर रहा है।

- दस साल में पहली बार पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम हवा रही असरहीन

मौसम विभाग ने पूर्व में जारी किए पूर्वानुमान में अप्रैल-मई में भारी गर्मी पड़ने का अनुमान जताया था। अप्रैल में तो गर्मी ने अपना असर दिखाया, मगर मई के महीने में इसका माहौल ही नहीं बन पाया। अप्रैल के तीसरे सप्ताह में गर्मी चरम पर थी और पारा 45 डिग्री तक ▶▶शेष पेज 13 पर

### भारी वर्षा का अनुमान भी

मौसम विज्ञान केंद्र की जानकारी के मुताबिक एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और उससे लगे मराठवाड़ा तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर स्थित है। इसके धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ते हुए कमजोर होने की संभावना है। एक ऊपरी हवा की द्रोणिका पूर्व मध्य अरब सागर से उत्तर उड़ीसा तक विस्तारित है। सोमवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

### मौसम की स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 34.7 | -8 |
| बिलासपुर | 34.4 | -9 |
| पेंड्रा | 33.0 | -9 |
| अंबिकापुर | 32.2 | -7 |
| जगदलपुर | 33.0 | -8 |
| दुर्ग | 33.6 | -5 |

### जारी है हल्की से मध्यम वर्षा का दौर

रविवार को भी प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहा। राज्य में सर्वाधिक बारिश 4 सेमी. तक दर्ज की गई और 3 से 1 सेमी. वर्षा 40 फीसदी से अधिक स्थानों पर हुई। राजधानी में भी सुबह के वक्त कुछ देर तक बूंदाबांदी हुई और दोपहर थोड़ी देर धूप भी निकली, मगर गर्मी 34.7 डिग्री सेल्सियस पर ही सिमटकर रह गई। आने वाले दिनों में प्री-मानसून एक्टिविटी बढ़ने की वजह से तापमान में बड़ा बदलाव होने की संभावना अभी दिखाई नहीं पड़ रही है।

## सिलतरा के पास बन रहा नया फायर स्टेशन, उरला-सिलतरा की 800 से ज्यादा फैक्ट्री होंगी सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेटल पार्क सिलतरा के पास नया फायर स्टेशन बनाया जा रहा है। इसके बनने से उरला-सिलतरा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं से सुरक्षा मिलेगी। 8 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह आधुनिक फायर स्टेशन 20 हजार वर्गफीट क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

- 20 हजार वर्गफीट जगह पर निर्माण, 8.72 करोड़ रुपये लागत

दरअसल, उरला-सिलतरा क्षेत्र में 800 से अधिक स्टील, आयरन और रोलिंग फैक्ट्रियां संचालित हैं। साथ ही बिरगांव, उरला -सिलतरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। आकस्मिक आगजनी से बचाव के लिए एक फायर स्टेशन की जरूरत अरसे से महसूस की जा रही थी। उरला इंडस्ट्रीयल एसोसियेशन के जनरल सेक्रेटरी विक्रम जैन ने बताया कि डेढ़ दशक से इसकी मांग की जा रही थी। गर्मी के सीजन में ▶▶शेष पेज 13 पर

**फैक्ट फाइल**

- 20 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बन रहा फायर स्टेशन
- 800 से ज्यादा स्टील, आयरन व रोलिंग मिल की क्षेत्र में फैक्ट्रियां
- 8 .72 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा फायर स्टेशन

### कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा अग्निशमन विभाग

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में केवल 73 अग्निशमन कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि प्रतिदिन अलग-अलग पाली हिसाब से 240 कर्मचारियों की आवश्यकता है। कर्मचारियों की कमी के कारण अग्निशमन सेवा पर असर पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार द्वारा खरीदी गयी 18 नई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नवा रायपुर के कार्यालय में खड़ी हैं, क्योंकि उन्हें चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं।

## हिमाचल, महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ निर्मित 70 लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को तीन अलग-अलग कार्रवाई में 70 लीटर शराब के साथ बीयर जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में अघोषित रूप से संचालित बार प्रबंधन से जुड़ा व्यक्ति शामिल है। आबकारी विभाग की टीम हिमाचल प्रदेश से तस्करी कर लाई गई सवा 11 लीटर स्कॉच, वाइन के साथ कई महंगे ब्रांड की व्हिस्की जब्त की है। ▶▶शेष पेज 13 पर

- हिमाचल प्रदेश से तस्करी कर लाई गई महंगी स्कॉच के साथ व्हिस्की जब्त

### देर रात संचालित बार में दबिश

शहर के अलग-अलग बार में दूसरे प्रदेश से शराब मंगाकर खपाए जाने की शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने वीआईपी रोड स्थित संचालित अलग-अलग बार में जाकर जांच की। जांच में किसी दूसरे राज्य की शराब नहीं मिली। आबकारी विभाग की टीम ने बार संचालकों को किसी दूसरे राज्य की शराब नहीं बेचने की हिदायत दी है।

▶▶शेष पेज 13 पर

## कोर्स 4 वर्ष का, पाठ्यक्रम बनाया सिर्फ 2 साल का, छात्रों को जवाब-क्या पढ़ाएंगे, बता नहीं सकते!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह दूसरा सत्र होगा। एनईपी में स्नातक पाठ्यक्रम 4 वर्षों का कर दिया गया है। हालांकि छात्रों के लिए 4 वर्ष की पढ़ाई पूरी करने की बाध्यता नहीं है। अपनी सुविधानुसार वे इसे बीच में भी छोड़ सकते हैं, इसलिए महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आ रहे विद्यार्थी प्रबंधन से पूछ रहे हैं कि किस वर्ष तक पढ़ाई करने पर उन्हें क्या-क्या करना पड़ेगा। छात्रों के इन सवालों का जवाब महाविद्यालय नहीं दे पा रहे हैं। उन्हें शुरुआती दो वर्षों में पढ़ाए जाने वाले चीजों की जानकारी तो दे रहे हैं, लेकिन इसके आगे छात्रों को क्या पढ़ाएंगे, यह महाविद्यालयों को ही नहीं पता। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने के साथ ही महाविद्यालयों में नया पाठ्यक्रम लागू किया गया है। नया पाठ्यक्रम बनाने के लिए केंद्रीय समिति बनाई गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित इस कमेटी में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के अनुभवी प्राध्यापकों और विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया था। इस कमेटी द्वारा केवल शुरुआती दो सालों का पाठ्यक्रम ही तैयार किया जा सका है। तीसरे और चौथे वर्ष के लिए पाठ्यक्रम का निर्धारण अब तक नहीं हुआ है।

**अब तक केवल दो ही सत्रों का पाठ्यक्रम तैयार कर सकी है केंद्रीय समिति**




- राष्ट्रीय शिक्षा नीति : यह दूसरा सत्र प्रवेश के लिए प्रारंभ हुए आवेदन

### सजग हो गए हैं छात्र

स्थिति पूर्व की तरह नहीं रही है। छात्र कॅरियर को लेकर सजग हो गए हैं, इसलिए वे प्रवेश के पहले जानना चाहते हैं कि किन चीजों का अध्ययन उनके द्वारा किया जाएगा।

\- डॉ.देवाशीष मुखर्जी
सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

### पोर्टल केवल प्रथम वर्ष के लिए

रविवि ने प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं अभी प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। ऐसे में एनईपी के अंतर्गत स्नातक के तृतीय सेमेस्टर अर्थात दूसरे वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया अभी शुरु नहीं हुई है। आवेदन पोर्टल केवल स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए ही खोला गया है। नतीजे आने के बाद अन्य वर्षों में भी दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निजी महाविद्यालयों में प्रवेश संबंधित सुविधाओं के लिए हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं, जो फॉर्म भरने में विद्यार्थियों की मदद कर रहे हैं। किसी तरह की असुविधा होने पर छात्र इन हेल्प डेस्क में संपर्क कर सकते हैं।

## दिल्ली में मौसम खराब, सुबह की फ्लाइट लेट, शाम वाली कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिल्ली में मौसम खराब होने की वजह से अन्य शहरों के साथ रायपुर आने वाली फ्लाइट का संचालन भी प्रभावित हुआ है। सुबह से शेड्यूल में आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से डेढ़ से दो घंटे लेट रही, वहीं शाम की एक फ्लाइट का संचालन ही नहीं हुआ। दिल्ली में बदले मौसम की वजह से वहां की कई फ्लाइट को आसपास के शहरों में डायवर्ट भी करना पड़ा है।

- डेढ़ से दो घंटे विलंब से हुआ संचालन

इस बार मानसून समय से पहले भारतीय सीमा में एंट्री कर चुका है। इसके साथ ही बने मौसम के तगड़े सिस्टम की वजह से दिल्ली के मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। खराब मौसम की वजह से दिल्ली के लिए संचालित होने वाले विमानों की वहां कल से लैंडिंग नहीं हो पा रही है। विमानों को आसपास के दूसरे विमानतलों पर डायवर्ट कर मौसम सुधरने तक इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा दिल्ली से विभिन्न शहरों के लिये उड़ान भरने वाली फ्लाइट भी अपने निर्धारित ▶▶शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री ने कैशलेस चिकित्सा विस्तार पर दिए सकारात्मक संकेत

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ के जनता के लोकहित में लिए गए फैसले डेढ़ लाख रूपये कैशलेस चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू को धन्यवाद ज्ञापित करते आभार व्यक्त किया है। कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ के चार लाख कर्मचारियों के हित में 20लाख तक कैशलेस चिकित्सा मुहैया कराने का भी अनुरोध किया । जिस पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उक्त विषय पर सार्थक प्रयास कर यथा संभव लागू करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप मे महामंत्री एसपी देवांगन, जिला अध्यक्ष गरियाबंद नितेश सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष कमल चंद्राकर, देव आनंद साहू, मिथिलेश भगत उपस्थित रहे।

### कुसमुंद में राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



**आरंग।** नगर पंचायत समोदा अंतर्गत कुसमुंद के बस स्टैंड में राजीव गांधी चौक में स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर फूल, माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित वैशालनी साहू वार्ड पार्षद, ईश्वर प्रसाद साहू, चूरामन दास, तोमन लाल साहू, सियाराम साहू, महेश निषाद, नानुक निषाद, राधेश्याम सेन, गैदराम साहू, दुर्गेश साहू, योगेंद्र साहू, सेवक साहू, प्रेमलाल सेन अशोक साहू, बाबूलाल साहू, हेमचंद निषाद, मंजू निषाद अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिक्षक कल्याण संघ ने सरकार से की मांग युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया तत्काल रद्द हो

**आरंग।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्णतः अव्यावहारिक है, जिसके चलते शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। शिक्षा विभाग के इस निर्णय से जहां सैकड़ों स्कूल बंद होने के साथ शिक्षकों के हजारों पद समाप्त हो जाएंगे। वहीं नौकरी नहीं मिलने से शिक्षित युवा बेरोजगारों में घोर निराशा है। एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, हेमन्त चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, हीरामणि साहू, तुमेंद्र कोटरे, जगजीवन जांगड़े, रोमेश चंद्राकर आदि ने प्रदेश सरकार से क्रमोन्नति हेतु जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति को आधार मानकर पुरानी पेंशन लागू करने, व्याख्याता प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने व विसंगतिपूर्ण युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने का आग्रह किया है। प्रवक्ता दीवान ने कहा कि इस आदेश से बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा दोनों खतरे में है।

### समाधान शिविर से शासन पर भरोसा बढ़ाः प्रीतम साहू

**आरंग।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तृतीय चरण के अंतर्गत 5मई से प्रारम्भ समाधान शिविरों की पहल को जनपद सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने सरकार की एक महत्वपूर्ण और सराहनीय बताते हुए आगे कहा कि सरकार समाधान शिविर के माध्यम से शासन आम जनता के द्वार पर पहुंच रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अक्सर अपनी समस्याओं को लेकर जिला या तहसील मुख्यालय तक नहीं जा पाते, ऐसे में समाधान शिविरों के माध्यम से उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत और समाधान मिल रहा है। प्रीतम साहू ने आगे कहा की इन शिविरों में राजस्व,पंचायत, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक कल्याण जैसी कई योजनाओं की जानकारी और सेवाएं मिल रही हैं। शिविर के माध्यम से जनता और शासन के बीच भरोसा बढ़ा है। लोगों की शिकायतें तुरंत सुनी जा रही हैं और कई मामलों में उसी समय निराकरण भी हो रहा है। मुझे विश्वास है कि यदि इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहें।

## अपराध : घायलों का उपचार अस्पताल में जारी

# वक्रांजी प्लांट में मजदूरों से मारपीट रॉड और चाकू से हमला, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा के समीपस्थ ग्राम टंडवा में वक्रांजी प्लांट है, जहां पर बाहरी मजदूरों का जमवाड़ा है। इस प्लांट में बीती रात्रि बाहर से आए हुए सुपरवाइजर व ठेकेदार ने रॉड व चाकू से लोकल मजदूरों के साथ मारपीट की है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम तारपोंगी निवासी सूरज ध्रुव जो वक्रांजी प्लांट में क्रेन ऑपरेटर है और ईश्वर यदु के साथ प्लांट में ड्यूटी आया जहां पर प्लांट के अंदर सुपरवाइजर विक्की ने कहा कि तुम लोग ड्यूटी में लेट आए हो कहकर गंदी-गंदी गाली दिया।

साथ ही तुम लोग तरपोंगी गांव के रहने वाले हो और तुम लोगों को गांव में ही आकर मारूंगा कहकर धमकी भी दिया। इसी बीच ठेकेदार गुरमीत सिंह वहां पर आया और लोहे के रॉड से सूरज ध्रुव और ईश्वर निषाद के साथ मारपीट करने लगा। तभी सूरज व ईश्वर प्लांट से बाहर निकले और अपने दोस्त तामेश्वर निषाद, ग्राम हथबंध कला व राहुल निषाद ग्राम तरपोंगी





निवासी को फोन पर घटना की जानकारी दिए। जिसके बाद प्लांट में काम करने वाले गांव के प्रवीण निषाद, रविंद्र निषाद, यश ध्रुव को घटना की जानकारी होने पर वे लोग भी आ गए।

कुछ देर बाद प्रार्थी सूरज के साथी राहुल व तामेश्वर निषाद वहां पर आए, तब आरोपी विक्की व गुरमीत सिंह तुम लोग अपने साथी लोगों को बुलाए हो कहकर प्लांट के अंदर से बाहर आए और अपने साथियों के साथ मिलकर जान सहित खत्म कर देने की धमकी देते हुए प्रार्थी को राड़ से व प्रवीण निषाद, चेतन निषाद एवं राहुल को चाकू से मारपीट किए जिससे चारों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित है, प्लांट से बाहरी लोगों को भगाने की मांग कर रहे है। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि प्लांट में आसपास गांव के लोकल मजदूरों के साथ रॉड व चाकू से मारपीट के मामले को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने मामले को गंभीरता से लिया है। बता दें तिल्दा नेवरा क्षेत्र में विभिन्न प्लांट स्थित है। जहां बाहरी मजदूरों का दबदबा है और इसी तरह लोकल मजदूरों के साथ मारपीट की जाती है। साथ ही बाहरी मजदूरों के बायोडाटा जानने वाला भी यहां कोई नहीं।

### चोरी की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

**तिल्दा नेवरा।** प्रार्थी सत्यनारायण साहू निवासी लांजा जो कि हेमू कल्याणी चैक के पास तिल्दा में ईलेक्ट्रीकल दुकान चलाता है। रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा प्रार्थी के दुकान के शटर के ताला को तोडकर दुकान के अंदर प्रवेश कर 01 नग टेबल फैन, 01 नग वॉल फैन, एल्युमिनियम तार, 03 नग कूलर मोटर, 01 नग ग्राईंडर मशीन आदि को चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। नेवरा पुलिस ने अपराध धारा 331(4), 305 (ए), 3 (5) बीएनएस दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की जहां मुखबिर की सूचना व जांच पड़ताल पर चोरी करने वाले 3 आरोपी विजय देवार पिता दिल्पसंद 32 वर्ष, सूर्या देवार पिता वीरेंद्र देवार उम्र 19 वर्ष, करिया देवार पिता नेमीचंद देवर उम्र 35 वर्ष सभी देवार पारा वार्ड 15 तिल्दा निवासी को हिरासत में लेकर से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये चोरी की योजना बनाकर दुकान के शटर का तालातोड़कर चोरी करना कबूल किया है व चोरी की समान को छिपाकर रखना बताए जाने पर आरोपियो से चोरी किए गये उपरोक्त सभी सामानों को बरामद कर लिया गया है।




## शहीद योगेंद्र शर्मा की 12वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां



झीरम घाटी नक्सली हमले में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद योगेंद्र शर्मा की 12वीं पुण्यतिथि पर आज धरसींवां में श्रद्धा और सम्मान का सैलाब उमड़ पड़ा। शहीद उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर और धरसींवां विधायक अनुज शर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेसेवियों, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शहीद के प्रति अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद योगेंद्र शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवां में फल वितरण कर जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान किया गया, जो शहीद के सेवा भाव को दर्शाता है। साकरा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा 'शहीद अमर रहें' के उद्घोषों से गूंज उठी। वक्ताओं ने शहीद योगेंद्र शर्मा के अद्भुत साहस, समर्पण और देशप्रेम को भावभीनी शब्दों में याद किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा, झीरम हमला छत्तीसगढ़ के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय था। यह केवल एक हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आवाज को कुचलने की कोशिश थी। उन्होंने आगे कहा कि शहीदों की यह शहादत इतिहास के पन्नों में अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से विधायक अनुज शर्मा, धरसींवा पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,्ष मंजू वर्मा, सरोजनी वर्मा सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन एवं जिला कांग्रेस कमेटी, सेवादल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के सदस्यों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रवासी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और परिवारजनों ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

## अभनपुर में तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ



**अभनपुर।** नागरिक मंच समिति के तत्वाधान मे आयोजित तीन दिवसीय रामलीला का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रमन ने पत्रकारो से संक्षिप्त चर्चा करते कहा कि अभनपुर मे भव्य रामलीला का आयोजन अयोध्या से आये हुई टोली द्वारा किया जा रहा है। हमारी प्राचीन संस्कृति मे छत्तीसगढ़ व देश की परंपरा अनुसार गांव-गांव में रामलीला का मंचन होता था। राममय वातावरण बनाने के लिए अयोध्या से आये कलाकारो द्वारा अद्भुत प्रस्तुति दी गई है। इस आयोजन के लिए अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू एवं नागरिक मंच समिति को बधाई एवं शुभकामनाये देता हूं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ उपरांत आधे घंटे से अधिक समय तक रामलीला का देखा। इस आयोजन मे नगर सहित गांव-गांव से बड़ी संख्या मे लोग रामलीला देखने पहुंचे है। अभी दो दिनो तक रामलीला का मंचन होगा। जिसमे और भी अधिक संख्या मे लोगो के पहुंचने का अनुमान है।

## जनपद तिल्दा में छह नए सभापति नियुक्त



**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सभागार में जनपद पंचायत के अध्यक्ष टिकेश्वर उर्फ सोनू मनहरे के नेतृत्व में जनपद पंचायत के अस्थाई समिति के बचे हुए सभापतियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। जनपद पंचायत तिल्दा के अन्य विभागों के अस्थाई समिति के सभापति नियुक्त किए गए जो कि सर्वसम्मति से किए गए। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सरोज भारद्वाज, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सौरभ वर्मा, वन समिति लेखू सेन, स्वच्छता व पेयजल समिति प्रीति जांगड़े, समाज कल्याण समिति गीतांजलि धृतलहरे, मत्स्य एवं विद्युत समिति उत्तरा निषाद को बनाया गया है।

इसके पहले देवव्रत शर्मा, कुंज लाल वर्मा, नरसिंह वर्मा एवं जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा को पहले ही सभापति नियुक्त किया जा चुका है, बचे हुए उक्त 6सभापतियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर सभापतियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन कार्यवाही जनपद पंचायत के सीईओ विवेक गोस्वामी एवं तहसीलदार ज्योति मसीहरे के द्वारा की गई। साथ ही पूर्व जनपद पंचायत के अध्यक्ष वेद राम मनहरे ने जनपद पंचायत तिल्दा पहुंचकर सभी नवनिर्वाचित सभापतियों को बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन हुआ

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के बीएनबी शासकीय स्कूल में सड़क सुरक्षा सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र के मालवाहक वाहनो के मालिको को बड़ी संख्या में सूचीबध्द करते हुए बुलाया गया, एवं आसपास के ग्रामीणों को उक्त सम्मेलन में लगभग लगभग एक हजार लोग शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर ने अपने संबोधन में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल को त्वरित इलाज हेतु गोल्डन ऑवर के भीतर हॉस्पिटल ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना, सभी मालवाहक वाहनो के स्वामी को किसी भी परिस्थिति में सवारी नही बैठाने, शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओव्हर लोडिंग व ओव्हर स्पीड वाहन नही चलाने की हिदायत दिया तथा भविष्य में इन नियमो के उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं बी.एन.एस. के विभिन्न धाराओ के तहत कड़ी कार्यवाही करने के बात की बताई।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर तुरंत होगी कानूनी कार्रवाई

अपने संबोधन में यातायात उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह ने मालवाहक से संबंधित कानूनी प्रावधानो की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क मार्ग से यात्रा करने के दौरान अपनाये जाने वाली सुरक्षा उपायों और सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा सत्येन्द्र सिंह श्याम ने लोगो को संबोधित किया ।

साथ ही जन प्रतिनिधि नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा के द्वारा अपने विचार में इस यातायात जागरूकता को अपने तक सीमित न रखकर गांव गांव में प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उपरोक्त कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा के नगर पालिका सभापति रानी सौरभ जैन, ईश्वर यद्धु, मनोज निषाद, सौरभ जैन, प्राचार्य डॉ. राजेश चंदानी सहित क्षेत्र के सरपंच, जनपद सदस्य, मीडिया के लोग, सहित आम लोग, वाहन चालक, वाहन मालिक भारी संख्या में उपस्थित रहे। पुलिस के इस आयोजन में सभी लोगों ने स्वस्फूर्त तरीके से यातायात नियमो का पालन करने के लिए शपथ लिये एवं रायपुर पुलिस के इस आयोजन को सराहनीय बताए।

### दानवीर भामाशाह व्यावसायिक परिसर लोकार्पण

**अभनपुर।** साहू संघ अभनपुर (बेलभाठा गिरोला) में निर्माण समिति द्वारा लगभग 2 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित दानवीर भामाशाह साहू व्यावसायिक परिसर सह छात्रावास का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह 27 मई को रखा गया है। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन युवा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, धीरज प्रसाद साहू अध्यक्षता छग साहू संघ प्रदेशाध्यक्ष टहल राम साहू, विधायक इन्द्रकुमार साहू, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू एवं इसके अलावा साहू समाज के सभी विधायक गण एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति इस समारोह का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने समाज के सभी सदस्यों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## अमित शाह की रणनीति से बस्तर में नक्सलियों की कमर टूटीः अशोक

**आरंग।** भाजपा मंडल आरंग के मण्डलमंत्री अशोक यादव ने हमारे सुरक्षा बल के जवानों के शौर्य पराक्रम को प्रणाम कहते हुए यह बात कहीं की छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुए भीषण मुडभेड़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराज सहित 27नक्सली मारे गए, बसवराव पर 1 करोड़ रुपए का इनाम था और वह नक्सल आंदोलन का शीर्ष नेतृत्वकर्ता था। यह नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे जवानों के शौर्य से मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा होना निश्चित है। केंद्रीय गृह अमित शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा लगातार बस्तर प्रवास कर सुरक्षा के जवानों का हौसला बुलंद कर सुनियोजित कार्य योजना बना रहे हैं।हमारे उपमुख्यमंत्री शर्मा जी का विगत कुछ दिनों से लगातार अबूझमाड़ के बस्तियों में दौरा किया था। जिसका परिणाम यह भी हुआ कि माओवादियों की तथाकथित राजधानी कहे जाने वाले ग्राम कुतुल से आजादी के पहली बार बस सेवा का शुभारंभ भी हुआ। नियद नेल्ल नार योजना अंतर्गत बस सेवा योजना संचालन से आवागमन सुगम, समय की बचत और रोजगार व शिक्षा की बढ़ी पहुंच। यह सेवा अबूझमाड़ के सुदूर अंचल में बसे कुतुल, पदमकोट, बैडमाकोटी, नेलांगुर, मोहंदी, कच्चापाल, कोडलियार, इरकभट्टी, कोहकामेटा आदि ग्रामों को जोड़ेंगी।इस सेवा से ग्रामों में एक नई उन्मूलन विकास की राह अब रफ्तार पकड़ेगी यह मुडभेड न केवल सुरक्षा बलों की रणनीतिक सफलता को दर्शाती हैं, बल्कि यह संकेत भी देती हैं कि अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी नक्सली संगठन की पकड़ कमजोर पड़ रही है। इसके लिए पूरे प्रदेशवासियों को ओर से माननीय केंद्रीय गृह मंत्रालय सुरक्षा बल के जवानों के शौर्य को प्रणाम करते हैं।

## रानी अहिल्याबाई की जयंती मनाई गई



**आरंग।** नगर पंचायत समोदा में रानी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष छोटे लाल सोंनकर ने रानी अहिल्याबाई के जीवन गाथा पर चर्चा करते हुए कहा कि वे भारतीय इतिहास की महान नारियों में से एक हैं। उन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धार्मिकता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जनपद के चौड़ी ग्राम में जन्मीं अहिल्याबाई प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा की धनी थीं। 11 दिसंबर 1767 को राज्याभिषेक के बाद उन्होंने राज्य को समृद्धि की ओर अग्रसर किया। इस अवसर पर समोदा में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई कर स्वछता का संदेश दिया गया। इस दौरान देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष, पीलाराम निषाद महामंत्री, नेतराम वर्मा मंत्री, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन, रीषभ साहू मीडिया प्रभारी, राजाराम साहू, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुला मिश्रा एवं अधिकारी कर्मचारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार

**धरसींवां।** उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तहत में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी.यू. द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में दिनांक 21मई को पुलिस सहायता केन्द्र सिलतरा पुलिस (थाना धरसींवा) को सूचना प्राप्त हुई कि सिलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांकरा स्थित शमशान घाट पास दो व्यक्ति अपने पास शराब रखें है तथा बिक्री कर रहें है।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र सिलतरा के नेतृत्व में सिलतरा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुये व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम जितेन्द्र सायतोड़े एवं शनि संत होना बताया।

## गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क एक्यूप्रेशर थेरेपी दे रही समाज सेविका विजय लक्ष्मी



**धरसींवां।** ग्राम परसतराई की विजय लक्ष्मी साहू एक सामान्य गृहिणी से समाजसेविका और एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट बनकर उभरी हैं। वे आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क एक्यूप्रेशर थेरेपी देकर उन्हें राहत पहुंचा रही हैं। उनका लक्ष्य है गरीब तबके को किफायती और असरदार निःशुल्क एक्यूप्रेशर थेरेपी चिकित्सा सुविधा देना। एम.एससी. होम साइंस और न्यूट्रिशन में डिप्लोमा प्राप्त विजय लक्ष्मी ने देशभर से एक्यूप्रेशर का प्रशिक्षण लिया है। वे अब तक 80 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर चुकी हैं और 60 से ज्यादा स्वास्थ्य मित्रों को प्रशिक्षण दे चुकी हैं। उनके योगदान के लिए उन्हें दिल्ली और चंडीगढ़ में सम्मानित किया गया है।



## जन समस्या को लेकर शिवसैनिकों ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**आरंग।** शिवसेना ग्राम पंचायत अध्यक्ष मोहित चक्रधारी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार समोदा को ज्ञापन प्रेषित कर ग्राम के मेन सड़क में स्पीड ब्रेकर, अवैध शराब बिक्री, जन औषधि, उप स्वास्थ केन्द्र के लिए एंबुलेंस व्यवस्था, अवैध रेत भंडारण एवम अन्य विभिन्न ग्राम की समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन सौंपने वालो में मोहित चक्रधारी, नकुल, श्याम नायक, देवेश सिन्हा, उबारंग महिलांग, चुमन साहू, नोहर चक्रधारी, राजू अयोध्या प्रजापति उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार ने ठीक से नहीं कराई जांच- भूपेश

## झीरम हमले पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झीरम हमले की 12वीं बरसी पर रविवार को कांग्रेस ने शहादत दिवस मनाया। पार्टी के नेताओं का दर्द एक बार फिर उभर आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मामले की केंद्र सरकार ने ठीक से जांच नहीं कराई। उन्होंने कहा, झीरम घाटी घटना को 12 साल हो गए। कांग्रेस ने तमाम प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है। आज सभी को राजीव भवन में श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने कहा कि झीरम मामले पर केंद्र सरकार ने जांच ठीक से नहीं कराई। जिन्होंने सरेंडर किया, उनसे कोर्ट के आदेश के बाद भी पूछताछ नहीं हुई। एनआईए की जांच का स्तर इससे समझा जा सकता है, जितने लोग वहां गए थे, जिनको गोलियां लगीं, उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उन्होंने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि 6 महीने के अंदर सभी जेल के अंदर होंगे। हमारी सरकार में हमने मांग की, हमें जांच करने दी जाए, इसमें कोई संज्ञान नहीं आया।



# केंद्र सरकार का फरमान- अगस्त तक सरकारी दफ्तरों में हर हाल में लगाएं स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज बीते साल फरवरी से किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब सवा साल में दस फीसदी दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं। अब तक महज साढ़े 12 हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लगे हैं। इस खबर को हरिभूमि ने ही सबसे पहले प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। अब इसकी जानकारी केंद्र सरकार को होने पर केंद्र सरकार के विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस मामले में भारी नाराजगी जताई है और हर हाल में अगस्त तक सभी सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इधर केंद्र सरकार की नाराजगी को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस साल के अंत तक सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर को भी बदलने का लक्ष्य तय किया है। अब तक सामान्य उपभोक्ताओं के 18 लाख मीटर बदले गए हैं। करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगने हैं। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 40 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों पर बकाया पूरी तरह से समाप्त हो गया हो। इस समय भी सरकारी विभागों पर करीब ढाई सौ करोड़ बकाया है। इसकी वजह से पॉवर कंपनी परेशानी में पड़ सकती है।

## सवा साल में अब तक दस फीसदी दफ्तरों में ही लगे



### सिर्फ साढ़े 12 हजार मीटर ही लगे

*प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। लेकिन अब तक महज चार हजार के आस-पास ही ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 12710 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं। सबसे ज्यादा रायपुर संभाग में करीब सात हजार, बिलासपुर में दो हजार, बस्तर संभाग में एक हजार, दुर्ग संभाग में दो हजार और सरगुजा में संभाग में करीब सात सौ सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर लग पाए हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि सरकारी दफ्तरों में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं होने के कारण मीटर नहीं लग पा रहे थे, लेकिन अब मीटर लग रहे हैं। अब तो हर हाल में तीन माह के अंदर एक लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम करना है।*

## खबर संक्षेप

### महिला चिकित्सक पर रिश्वत लेने का आरोप

**रायपुर।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला अस्पताल की महिला चिकित्सक पर मरीजों के परिजनों से रिश्वत लेने का आरोप लगा है। एनीस्थिसिया विशेषज्ञ डा. मो. फिरोज शेख ने अपनी लिखित शिकायत के साथ अफसरों को वीडियो भी शेयर किया है। चिकित्सक ने बताया कि डॉ अंबरीन सबा मलिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ है। मितानीन सहाना परवीन की मदद से वह साल भर से जिला अस्पताल गौरेला पेंड्रा मरवाही में मरीजों को डरा सिम्स भेजने का डर दिखाकर लेनदेन कर रही है। कई बार निश्चेतना विशेषज्ञ के नाम पर पर वसूली की जा रही है। चिकित्सक ने आरोप लगाया है कि इसकी जानकारी सीएमएचओ और सिविल सर्जन को होने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया है। चिकित्सक ने मामले की जानकारी लेकर महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मेकाहारा में मीडियाकर्मी से मारपीट, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** शहर के आंबेडकर अस्पताल में रविवार की देर रात कवरेज के लिए पहुंचे एक टीवी चैनल के पत्रकार से सुरक्षाकर्मी बहस करते हुए उलझ गए। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। मामले का पता चलते ही एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस बीच पत्रकार कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम हाउस पहुंचे और नारेबाजी की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर सहित पदाधिकारी, सदस्य मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर गेट के सामने बैठे रहे।

### वार्ड पार्षद कार्यालय का लोकार्पण



**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे ने माधवराव सप्रे वार्ड पार्षद महेंद्र औसर के रायपुरा मुख्य मार्ग स्थित वार्ड पार्षद कार्यालय का गुरूवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर, एमआईसी सदस्य गायत्री-सुनील चंद्राकर, सुमन-अशोक पांडे, दीपक जायसवाल, भोला साहू, पार्षद महेंद्र औसर, अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद दीनबंधु सिंह ठाकुर, गोपी साहू, मंडल अध्यक्ष गुड्डू तिवारी जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### पुनर्निर्मित सखी निवास और सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन 28 को

**रायपुर।** स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास (कामकाजी महिला वसति गृह) व सेनेटरी पैड मशीन का शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्र, साहित्यिक समिति व युवा समिति की ओर से 28 मई को शाम 5.30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे होंगी। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि कार्यक्रम में मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा पूर्वी साहू, नौवां स्थान पर रहीं वर्षा परिडा और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में सातवें स्थान पर महाराष्ट्र मंडल का परचम लहराने वाली रुचिका साहू को सम्मानित किया जाएगा। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष के अनुसार कार्यक्रम में विशेष अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और समाजसेवी व मंडल की आजीवन सभासद शुभांगी आप्टे होंगी।

### भाजपा सदर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रायपुर।** भाजपा सदर बाजार मंडल द्वारा भारत की आतंकवाद पर प्रचंड प्रहार पश्चात कूटनीतिक व रणनीतिक विजय पर तिरंगा यात्रा कोतवाली चौक से मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक से पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया गया।

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में इकाई का हुआ गठन

# छत्तीसगढ़ में अब रुकेगी बच्चों की शादी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार ने बनाई बाल विवाह निषेध इकाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अक्षय तृतीया के अवसर पर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों से बच्चों (अवयस्क लोगों) की शादी पर पूरी तरह से रोक लगने वाली है। हालांकि राज्य सरकार बाल विवाह रोकने के लिए अपने स्तर पर अभियान चलाती है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह काम और भी प्रभावशाली तरीके से किया जाएगा। इस काम के लिए राज्य में महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रमुख सचिव या सचिव की अध्यक्षता में बाल विवाह प्रतिषेध इकाई का गठन किया गया है।

### याचिका पर पारित हुआ था आदेश

खास बात ये है कि देश में बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका पेश की गई थी। इस याचिका की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अक्टूबर में एक बड़ा आदेश पारित किया था। इस आदेश में देश के सभी राज्यों कों बाल विवाह रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने कहा गया था। छत्तीसगढ़ में सरकार ने इस आदेश का क्रियान्वयन करते हुए इकाई का गठन किया है।



### बाल विवाह प्रतिषेध इकाई, प्रमुख सचिव होंगे अध्यक्ष

राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ बाल विवाग प्रतिषेध इकाई का गठन किया है। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव- सचिव अध्यक्ष होंगे। इसी विभाग के आयुक्त या संचालक सदस्य सचिव,सभी 33 जिलों के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी( सीएमपीओ) चक्रानुक्रम में सदस्य होंगे। इनके अलावा बाल विवाह के खिलाफ या बाल अधिकारों के लिए काम करने का अनुभव रखने वाली संस्थाएं और व्यक्ति सदस्य के रूप में शामिल होंगे। इनमें यूनिसेफ रायपुर की महिला प्रतिनिधि, एसोसिएशन फॉर वालेंटियर एक्शन रायपुर के प्रतिनिधि, छग एग्रीकॉन समिति के प्रतिनिधि, सेंटर फॉर केटलाइजींग चेंज के प्रतिनिधि, सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव के प्रतिनधि, पद्म श्री फूलबासन यादव और लालसाय सिंह पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापुर जिला सूरजपुर को शामिल किया गया है।

### ये हैं सुप्रीम कोर्ट का आदेश

*राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया कि वे एक राज्य विशेष बाल विवाह निषेध इकाई का गठन करें और जहां किसी जिले में एक से अधिक सीएमपीओ हैं, वहां एक जिला स्तरीय विशेष बाल विवाह निषेध इकाई का गठन करें। यूनिट को निर्देश दिया गया कि इसमें राज्य या जिले के सभी सीएमपीओ को शामिल किया जाए, तथा इसमें बाल विवाह के खिलाफ या बाल अधिकारों पर काम करने का अनुभव रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाए। इनमें से कम से कम दो सामाजिक कार्यकर्ता महिलाएं होंगी। यूनिट के सभी सीएमपीओ को बाल विवाह से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए।*

### पाठ्यक्रम तैयार करने भी कहा

*इकाइयों को निर्देश दिया गया कि वे सीएमपीओ की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निपटने वाले पेशेवरों की मदद से पाठ्यक्रम और संसाधन तैयार करें। इकाई को सीएमपीओ को अपने व के निर्वहन में आने वाली किसी भी कठिनाई या शिकायत को उठाने के लिए मंच प्रदान करें। जिसमें बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक बहिष्कार से संबंधित को कठिनाई शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, तथा इकाइयों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करने, ज्ञान बांटने तथा शिकायतों को एकत्रित करने और उनका निवारण करने के लिए प्रशिक्षित पेशेवरों को आम करने का निर्देश दिया गया।*

# सीनियर सिटीजन का वय वंदना कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ देश में पांचवा, 3.60 लाख कार्ड बना चुके




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सत्तर साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख तक इलाज की निशुल्क सुविधा देने प्रधानमंत्री वय वंदना कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ देश में पांचवा है। यहां अब तक 3.60 लाख लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस मामले में राज्य ने राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों से बेहतर स्थिति प्राप्त की है।

■ राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार जैसे राज्यों से बेहतर स्थिति

प्रदेश में अक्टूबर माह से विशेष अभियान चलाकर लगातार आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक योजनांतर्गत निःशुल्क इलाज लाभ पाने से वंचित ना रह जाए। आयुष्मान वय-वंदना पंजीयन हेतु विभिन्न शासकीय विभागों के अतिरिक्त, सामाजिक संस्थाओं, पेंशनर संस्थाओं, सियान-सदन, वरिष्ठ-जन कल्याण संघों, वृद्धाश्रमों, निजी आवासीय सोसाइटियों में शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर अभियान चलाने के साथ वय वंदना कार्ड बनाने के लिए मोबाइल पर भी सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। साथ ही हितग्राही को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी जा रही है। कार्ड बनाने के लिये शासकीय अस्पतालों के साथ सीएमएचओ कार्यालय में भी सुविधा प्रदान की जा रही है।

# मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। इनमें मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करना और प्रचार नियमों का सरलीकरण शामिल है। ये निर्देश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के संबंधित प्रावधानों के अनुरूप हैं।

■ 100 मीटर की दूरी पर मोबाइल का स्विच ऑफ कर रखने की अनुमति

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और मतदाताओं-विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों-को मतदान दिवस पर मोबाइल फोन संभालने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर केवल बंद (स्विच ऑफ) स्थिति में मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट बैग रखे जाएंगे, जिनमें मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे। मोबाइल फोन मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों को स्थानीय प्रतिकूल परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। मतदान केंद्र के भीतर मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित करने वाला निर्वाचन संचालन नियम 49M सख्ती से लागू रहेगा।

### प्रचार नियमों का सरलीकरण

*इसके अतिरिक्त, मतदान दिवस पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोग ने प्रचार की अनुमति सीमा को निर्वाचन कानूनों के अनुरूप मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक सीमित कर दिया है। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी। अतः मतदान दिवस पर उम्मीदवारों द्वारा मतदान दिवस पर ऐसे बूथ, जिनसे वे आधिकारिक मतदाता सूचना पर्ची न होने की स्थिति में अनौपचारिक पहचान पर्ची वितरित करते हैं, अब मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के बाहर लगाए जा सकेंगे।*

### सालभर में 331 दवा दुकानों का निरीक्षण, 21 पर कार्रवाई

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कुल 331 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 21 प्रतिष्ठानों में अधिसूचित मूल्य का उल्लंघन पाया गया है। सभी मामलों को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी, नई दिल्ली के आईपीडीएमएस पोर्टल पर दर्ज कर लिया गया है। संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सीजीपीएमआरयू के नोडल अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ में मूल्य निगरानी एवं संसाधन इकाई की स्थापना की गई। यह इकाई ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (डीपीसीओ) के प्रावधानों के अंतर्गत कार्य करते हुए प्रदेश में अधिसूचित औषधियों की कीमतों पर सतत निगरानी रख रही है। सीजीपीएमआरयू, एनपीपीए की प्रमुख सहयोगी संस्था के रूप में राज्य के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों से जमीनी स्तर पर जानकारी एकत्र कर नियामक अनुपालन सुनिश्चित कर रही है।

# किरण देव की नई टीम बनने के बाद ही होगी प्रदेश कार्यसमिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा की नए साल में एक बार भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। अब तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की नई टीम बनने के बाद ही कार्यसमिति होने की संभावना है। वैसे तो हर तीन माह में प्रदेश कार्यसमिति होती है, लेकिन बीते साल ही भाजपा के सदस्यता अभियान से पहले कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से अब तक कार्यसमिति नहीं हो सकी है। किरण देव को फिर से 17 जनवरी को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया है, लेकिन अब तक उनकी कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। इसके के लिए भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का इंतजार है। अगले माह भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने की संभावना है। किसी न किसी कारण से चुनाव लगातार टल रहा है। चुनाव के बाद नए राष्ट्रीय अध्यक्ष से अपनी कार्यकारिणी का अनुमोदन लेकर प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारिणी का ऐलान करेंगे।

■ अगले माह प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी बनने की संभावना

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ राज्यों के संगठनों में भी हर तीन माह में कार्यसमिति होती है, लेकिन कई बार राष्ट्रीय कार्यसमिति न होने के कारण भी प्रदेश कार्यसमिति नहीं हो पाती। बीते साल लोकसभा चुनाव और फिर भाजपा के सदस्यता अभियान के कारण तो लगातार कार्यसमिति हुई है, लेकिन इस साल पांच माह में एक भी कार्यसमिति नहीं हो पाई है। इसके पीछे का जहां एक कारण राष्ट्रीय स्तर पर कार्यसमिति का न होना है, वहीं अब तक भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव न हो पाना भी अहम है। सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान चला और भी प्रदेश संगठन का चुनाव हुआ। यह दिसंबर तक चला। इसके बाद जनवरी में प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। इस बीच कार्यसमिति का होना संभव भी नहीं था।



### नई कार्यकारिणी का इंतजार

किरण देव की नई कार्यकारिणी का इंतजार जनवरी में उनके अध्यक्ष बनने के बाद से ही हो रहा है। उनकी कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव भी तय है। जहां प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं, वहीं एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बने हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों को निगम, मंडल आयोग में स्थान मिला है। निगम, मंडल की तीसरी सूची में भी कई पदाधिकारियों को पद मिलेंगे। इसके बाद इनके स्थान पर नए चेहरों को रखा जाएगा। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी का अनुमोदन राष्ट्रीय संगठन से लेना पड़ता है। ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही कार्यकारिणी बनाकर उसको अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा। कार्यकारिणी बनने के बाद ही अगले माह या फिर जुलाई में भाजपा की कार्यसमिति हो सकती है। वैसे भी नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद पहले भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति होगी और फिर इसके बाद ही सभी राज्यों में कार्यसमिति होगी।

## प्रदेश के बांधों में अब बचा 25 प्रतिशत पानी

# दो दशकों में पहली बार पानी के लिए तरसा मोंगरा बैराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शिवनाथ नदी पर मानपुर जिले में बना मोंगरा बैराज इन दिनों सूखे की मार झेल रहा है। करीब दो दशकों में पहली बार ऐसी नौबत आई है कि बैराज में केवल 2 एमसीए पानी ही बचा है, जबकि लगभग 12 एमसीए पानी बैराज में अभी होना था। समय पर बारिश नहीं हुई, तो इलाके में पेयजल संकट गहराने की संभावना है। बताया जाता है कि पिछले दो दशकों में यह बैराज पहली बार सूखे की कगार में आया है। बैराज को 90 से 95 फीसदी हिस्सा पूरी तरह सूख चुका है। शेष हिस्से में जो थोड़ा पानी बचा है, इसी पर उम्मीद टिकी हुई है कि कम से कम मोहला मानपुर जिले में पेयजल और सिंचाई की व्यवस्था इससे पूरी हो सके। वहीं मोहला मानपुर के अलावा अन्य जिले को अब पानी निकट भविष्य में नहीं मिल पाएगा। मौसम की मार के कारण मोंगरा बैराज भारी सूखे की चपेट में आ गया है, वहीं दूसरी ओर हाल ही में बीते अप्रैल में मोंगरा बैराज से 15 एमसीए पानी राजनांदगांव नगर निगम के लिए छोड़ा गया है। मोंगरा जलाशय से मोहला मानपुर जिले के कई हिस्सों समेत राजनांदगांव, दुर्ग, बेमेतरा समेत अन्य जिलों को भी पानी देने वाला यह बैराज आज खुद पानी को तरस रहा है।



### घुमरिया नाला बैराज भी सूखा

राजनांदगांव जिले में महानदी पर बने घुमरिया नाला बैराज भी सूखे की मार झेल रहा है। यहां पर भी आज की स्थिति में पानी नहीं है। पिछले साल भी बैराज की यही स्थिति देखने को मिली थी।

### बांधों में बचा 25 प्रतिशत पानी

प्रदेश के 46 बांधों में मई माह के अंतिम सप्ताह में केवल 25 प्रतिशत पानी ही शेष है। बांधों से लगातार पानी छोड़ने के कारण बांधों का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। प्रदेश के 46 में से 30 से अधिक बांध आज की स्थिति में पिछले साल से ज्यादा खाली हैं। 20 बांध ऐसे हैं, जहां जलस्तर 25 प्रतिशत से नीचे चला गया है। प्रदेश के बड़े बांध में शामिल मिनीमाता बांगो में आज की स्थिति में 26.35 प्रतिशत जलभराव था, जबकि पिछले साल इसी दिन जलभराव 44.86 प्रतिशत था। तांदुला में जलभराव 14.91 प्रतिशत, सिकासेर में 18.13, बिलासपुर के खारंग बांध में जलभराव 34.14 प्रतिशत बचा है।

## केंद्र सरकार ने ठीक से नहीं कराई जांच- भूपेश

# झीरम हमले पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झीरम हमले की 12वीं बरसी पर रविवार को कांग्रेस ने शहादत दिवस मनाया। पार्टी के नेताओं का दर्द एक बार फिर उभर आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मामले की केंद्र सरकार ने ठीक से जांच नहीं कराई। उन्होंने कहा, झीरम घाटी घटना को 12 साल हो गए। कांग्रेस ने तमाम प्रथम पंक्ति के नेताओं को खोया है। आज सभी को राजीव भवन में श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने कहा कि झीरम मामले पर केंद्र सरकार ने जांच ठीक से नहीं कराई। जिन्होंने सरेंडर किया, उनसे कोर्ट के आदेश के बाद भी पूछताछ नहीं हुई। एनआईए की जांच का स्तर इससे समझा जा सकता है, जितने लोग वहां गए थे, जिनको गोलियां लगीं, उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उन्होंने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री ने कहा था कि 6 महीने के अंदर सभी जेल के अंदर होंगे। हमारी सरकार में हमने मांग की, हमें जांच करने दी जाए, इसमें कोई संज्ञान नहीं आया।



## खबर संक्षेप



### साहित्यकारों ने मुरमुंदा में सीएम साय का किया स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा लिमतरा गांव के पास मुरमुंदा भाठा में नई कॉलोनी का निर्माण किया गया। इस कॉलोनी के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इसी दौरान अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने क्षेत्र के साहित्यकारों, कलाकारों को भी आमंत्रित किया। विधायक क्षेत्र के साहित्य कला जगत की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के स्वागत के लिए न्योता दिया और सीएम को पुस्तक एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय हमारे गांव के पास पहली बार पधारे। इस क्षेत्र में आने वाले वे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने आमजनों के बीच आकर ग्रामीण क्षेत्र में मकान मालिक को चाबी सौंपकर आत्मीयता की परंपरा को और सुदृढ़ किया। मुख्यमंत्री का सम्मान करने वालों में अनुज महेश वर्मा, कलाकार एवं पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र साहू, नीतीश और मनहरन साहू आदि शामिल रहे।

### धोबी समाज के अनुकरणीय निर्णय, पालन के लिए सभी फिरके हों गंभीर



रायपुर। धोबी समाज ने एक से बढ़कर एक अनुकरणीय निर्णय ले रखे हैं, जिसका परिपालन हर जिला कर रहा है। समाज में झेरिया सबसे बड़ा फिरका है, उसके बाद कनौजिया, बुंदेला, कोसरिया, बस्तरिहा, बैसवारा, केरवा, कौराई, देशहा है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज के मजबूती के लिए आपस में रोटी-बेटी के लेनदेन करने और संघटनात्मक कार्य को संचालित करने के लिए सबको एकजुट हो जाने का आव्हान किया है। साथ ही सगाई और चौथिया प्रथा समाप्ति की ओर है। समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर, महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया, यह सभी निर्णय हर जिले में लागू कर दिया गया है, जो लोग पालन नहीं करेंगे, वे समाज के कसूरवार होंगे। इस पूरे अभियान में अंबे बाघमार, प्रभात सोनछत्र, रामायण रजक, हेमंत निर्मलकर, अवधेश कुमार सोन, गोपाल निर्मलकर, गौतम रजक समेत अनेक सक्रिय पदाधिकारी शामिल हैं।

# हावड़ा-मुंबई रूट पर बढ़ी जहरखुरानी, 3 महीने में दर्जनों मामले, दोस्ती कर बेहोश कर रहे, फिर सामान चोरी

## भीड़ के साथ ट्रेनों में जहरखुरानी गिरोह सक्रिय, देते हैं नशीली गोलियों का हैवी डोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लगातार ट्रेनों के रद्द होने से महानगरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में इन दिनों भीड़ बढ़ गई है। इस बीच भीड़ के साथ इन दिनों एक बार फिर से जहरखुरानी गिरोह के सक्रिय होने की खबर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न रूट पर गिरोह के लोग रात के समय में लगातार यात्रियों को अपना शिकार बनाकर लूट रहे हैं। सफर के दौरान किसी अनजान से दोस्ती करना और खाने पीने की चीज लेना यात्रियों को भारी पड़ रहा है।

बीते तीन महीनों में रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य स्टेशनों में दर्जनों केस ऐसे मिले हैं, जिनमें जहर खुरानी गिरोह के लोग पहले यात्रियों को अपनी कन्फर्म सीट पर बैठने के जगह देते हैं, फिर मित्रता करते हुए नाश्ता, चाय व बिस्किट में नशीली दवा पिलाकर बेहोश कर यात्रियों का सामान चोरी कर रहे हैं। ट्रेनों में भीड़ के दौरान गिरोह सक्रिय हो जाता है।

आरपीएफ के मुताबिक गिरोह के लोग अच्छे कपड़े पहनकर सफर कर रहे हैं, ताकि यात्री को संदेह न हो। गिरोह में महिलाएं भी शामिल हैं। कई मामलों में देखा गया है कि गिरोह मेडिकल पर आसानी से मिलने वाली नशीली गोलियों का हैवी डोज चाय-कोल्ड ड्रिंक्स या खाने के सामान में देते हैं। चंद मिनटों बाद गिरोह का शिकार 8-10 घंटे के लिए, बेहोश हो जाता है, इस बीच यात्री का सारा सामान लूटकर बदमाश चंपत हो जा रहे हैं।

### अजनबी की हमदर्दी पड़ रही भारी

जोन में ट्रेनों में जहर खुरानी गिरोह के हर साल दर्जन से अधिक मामले आरपीएफ और जीआरपी को मिलते हैं। नागपुर, कटनी और झारसुगुड़ा रूट में जहर खुरानी गिरोह ने यात्रियों के साथ सर्वाधिक चोरी की है। आरपीएफ के मुताबिक जहर खुरानी गिरोह के पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि लंबी दूरी की ट्रेनों को अपना शिकार बनाते हैं। हमदर्दी जताने के लिए कई बार अपनी जेब से चाय के पैसे भी दे देते हैं। बगल की सीट पर बैठकर मुसाफिर बनकर खाने-पीने का सामान में साझा करते हैं। कोई कितना भी मना करे, लेकिन ये बदमाश किसी भी तरह एक बिस्कुट खिलाने में कामयाब हो जाते हैं। बस ये कच्चा लालच ही उस मुसाफिर पर भारी पड़ जाता है। मुसाफिर को नशा होने के बाद ये बदमाश उसका सामान लूट लेते हैं।



### दूसरे राज्यों के मुखबिर से मदद

सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल के निर्देशन में रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ टीम ने स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाते हुए यात्रियों को संदेश दिया कि वह किसी भी अपरिचित व्यक्ति से कुछ ना खाए और ना ही अपरिचित व्यक्ति से संपर्क रखें। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एस. दत्ता ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए चौकसी बरती जा रही है। गिरोह को पकड़ने के लिए दूसरे राज्यों के मुखबिर से मदद भी ली जा रही है। एनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को बताया जा रहा है कि यात्रा के दौरान किसी की बातों में न आएं। अनजान व्यक्ति के हाथों से कोई भी चीज न खाएं। चाहे वह कितना नजदीकी, पड़ोसी या बिरादरी का बताकर भरोसा जीतने की कोशिश करे।

ज्यादातर सराफा बाजार के कारीगर, 22 को थाने लाकर पूछताछ

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश में पुलिस का बूढ़ापारा के नत्थानी बिल्डिंग में छापा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर वापस भेजने देशव्यापी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने रविवार देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए बूढ़ापारा स्थित नत्थानी बिल्डिंग में दबिश दी। छापे के दौरान 22 संदिग्ध जिनके दस्तावेज दुरुस्त नहीं थे, ऐसे लोगों को कोतवाली पुलिस पूछताछ करने थाना लाई है। जिन संदिग्धों को पुलिस थाने लेकर आई है, उनमें से ज्यादार लोग बांग्लादेश से सटे बार्डर मिदनापुर तथा मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं।

- **फर्जी आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड बनाकर रहने वाले बांग्लादेशी की पहचान बड़ी चुनौती**

चार माह पूर्व बांग्लादेशी घुसपैठियों की धरपकड़ करने अभियान चलाया गया था। इसके बाद अब कोतवाली क्षेत्र में कार्रवाई की गई है।

एक पुलिस अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राजधानी के आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में पिछले एक दशक में बिहार, पश्चिम बंगाल के रास्ते आकर हजारों की संख्या में बाहरी लोग बसे हुए हैं। उनमें से ज्यादातर का पुलिस वैरिफिकेशन नहीं हो पाया है। ज्यादातर लोगों ने यहां आकर अपना आधार के साथ राशन, वोटर आईडी कार्ड तक बनवा लिया है। ऐसे में घुसपैठियों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती है।

### घुसपैठियों की ऐसे की जा सकती है पहचान

घुसपैठियों द्वारा आधार तथा अन्य तरह के पहचान पत्र बनाए जाने की स्थिति में उनकी पहचान करने में पुलिस को परेशानी हो रही है। इसके लिए जानकार बांग्लादेशी तथा रोहिंग्या की पहचान करने उनके स्थानीय निवास प्रमाणपत्र के साथ मिसल रिकार्ड मंगाकर जांच करने की बात कह रहे हैं। स्थानीय निवास तथा मिसल रिकार्ड से पता चल जाएगा कि कौन कहां से आकर यहां निवास कर रहा है।


संबंधित राज्य के पुलिस से संपर्क कर ऐसे लोगों की तस्दीक की जाएगी
जांच में डेढ़ सौ लोग निकले प.बंगाल, बांग्लादेश बार्डर के, दस्तावेज दुरुस्त नहीं, सिम पर भी संदेह

### कार्ययोजना बनाई गई है

बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए सभी थानों में संदिग्धों की पहचान की जा रही है।

*- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी रायपुर*

### संदिग्धों को लेकर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

जनवरी में पुलिस ने जिन संदिग्ध लोगों की पहचान की थी, उनके आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं था। आधार में जो मोबाइल नंबर मिले थे, वे किसी दूसरे के नाम पर या बंद मिले थे। साथ ही आधार में पता भी अपडेट नहीं था। ऐसे लोगों की पहचान करने उनके मूल निवास जहां से वे आए हैं, वहां की पुलिस को उस आदमी की डिटेल भेजकर जानकारी एकत्र करने की बात कही थी। जिन 223 संदिग्धों की पहचान की गई थी, पुलिस उन संदिग्धों के बारे में अब तक जानकारी नहीं जुटा पाई है।

### संदिग्धों के बजाय माध्यम से मिल रहे

पुलिस अफसर के अनुसार स्थानीय स्तर पर गोपनीय तौर पर बांग्लादेशी तथा रोहिंग्या की पहचान करने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए थाना स्तर पर सभी टीआई को अपने क्षेत्र के संदिग्ध नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाने निर्देश दिए गए हैं। संबंधित थानों की पुलिस संदिग्धों के बजाय मजदूर उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार तथा सराफा कारोबार जिनमें थोक में पश्चिम बंगाल से आए लोग कारीगरी का काम कर रहे हैं, उन कारीगरों के बजाय कारोबारियों से अपने मजदूर के बारे में जानकारी जुटाने के लिए कह रही है।

### पांच जून को देनी है रिपोर्ट

घुसपैठियों की पहचान करने सभी जिलों में एसटीएफ गठित की गई है। एसटीएफ की गृह सचिव पांच जून को बैठक लेंगे। बैठक में एसटीएफ को अपने क्षेत्र के संदिग्ध नागरिकों की जानकारी के साथ क्षेत्र में कितने घुसपैठियों की पहचान की गई, इसकी जानकारी देनी है।

# उद्योग विभाग देगा इंजीनियरिंग छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छग राज्य का उद्योग विभाग अब इंजीनियरिंग छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके लिए स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा ओएमयू के लिए उद्योग विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जून में नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इसे अंतिम रूप मिल जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इंजीनियरिंग छात्रों के लिए 6 माह का इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को इंटर्नशिप के लिए मौके विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर प्रदान कर पाना संभव नहीं है। इसके चलते तकनीकी विवि द्वारा अब उद्योग विभाग संग समझौता किया जा रहा है।

- **तकनीकी विवि द्वारा ओएमयू के लिए उद्योग विभाग को भेजा गया प्रस्ताव**

उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाले उद्योगों में तकनीकी विवि के अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्रों के अलावा संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को इंटर्नशिप के लिए जगह दी जाएगी। हालांकि इस दौरान छात्रों को किसी तरह के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होगा। इन उद्योगों में यदि कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नियुक्ति की जाती है तो इसमें भी सीएसवीटीयू के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

सैद्धांतिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र भी कई बार फील्ड में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। सैद्धांतिक ज्ञान के साथ अब 6 माह तक व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलने से छात्रों का कौशल बढ़ेगा तथा वे फील्ड में अच्छा कार्य कर पाएंगे, ऐसी उम्मीद सीएसवीटीयू को है। इसके अतिरिक्त कैंपस प्लेसमेंट में इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को प्राथमिकता दिए जाने से इंजीनियरिंग छात्रों को अधिक मौके मिल सकेंगे तथा उनकी बेराजगारी में कमी आएगी, ऐसी उम्मीद भी विशेषज्ञ जता रहे हैं।

### इधर, रविवि बदल चुका है व्यवस्था

ना केवल इंजीनियरिंग छात्र बल्कि अन्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए भी इंटर्नशिप करना एनईपी के तहत अनिवार्य है। बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य परंपरागत पाठ्यक्रम में हजारों की संख्या में छात्र प्रत्येक महाविद्यालय में होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में सभी छात्रों के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था कर पाना संभव नहीं होने के कारण रविवि द्वारा व्यवस्था में बदलाव किया जा चुका है। केवल अध्ययनशाला के छात्रों के लिए ही इंटर्नशिप अनिवार्य है, जबकि महाविद्यालय अपने छात्रों को इंटर्नशिप कराने के स्थान पर कैंपस में ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकल्प भी चुन सकेंगे।

## पेज 11 के शेष ...

### यूपीएससी ने पूछा- सिगरेट...

9.30 से 11.30 तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा 2.30 से 4.30 तक आयोजित की गई। दूसरी जिला प्रशासन द्वारा भी अपने स्तर पर तैयारी की गई थी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने जेएन पांडे हायर सेकेंडरी स्कूल, दानी स्कूल, पीजी उमाठे, छत्तीसगढ़ कॉलेज, स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक स्कूल और डिग्री गर्ल्स कॉलेज जैसे प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ***महासागरी जल में विषाणु जीवित रहता है अथवा नहीं?*** :सामान्य ज्ञान के अंतर्गत पूछे गए सवाल कठिन रहे, लेकिन ये अत्यधिक रोचक रहे। धूम्रपान के बाद बचे हुए सिगरेट के पिछले हिस्से में प्लास्टिक होता है अथवा नहीं, वैकल्पिक पॉवरट्रेन वाहन कौन सा है, महासागरी जल में विषाणु जीवित रहता है अथवा नहीं, पृथ्वी के घूर्णन और अक्ष में आया परिवर्तन, पीकॉक टैरेंटुला पक्षी का खासियत, अदरक व पुदीना किस तरह के पेड़ हैं, सिंचाई के काम आने वाला अरघट्टा नामक उपकरण क्या होता है जैसे सवालों सहित वर्षा वन, समुद्री पादप प्लवक, चीनी तीर्थ यात्री फाह्यान, गंधर्व महाविद्यालय, असहयोग आंदोलन से जुड़े प्रश्न भी पूछे गए।

### बजट के सवाल...

सर्वाधिक कठिन रहे। यूपीएससी विशेषज्ञ अंकित अग्रवाल के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षा के अंतर्गत सामान्य अध्ययन का प्रश्न पत्र विगत वर्षों से थोड़ा कठिन था। प्रश्न पूछने का तरीका भी कठिन किया गया है। इसके बाद भी सभी क्षेत्रों और विषयों का संतुलन दिखा।

### आंबेडकर की आधा...

ज्यादा और संसाधन कम होने की समस्या के भी सुधार के लिए कम वित्तीय खर्च वाला रास्ता तलाशा जा रहा है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मोड में संचालन करने पर विचार किया जा रहा है। इससे अस्पतालों में बंद पड़ी मशीनों से जांच भी शुरू हो जाएगी और विभाग पर इसके लिए अनावश्यक खर्च भी नहीं आएगा।

### अप्रैल में सिमटी...

पहुंचा और तीन से चार दिनों तक ग्रीष्म लहर की स्थिति बनी रही। इसके विपरीत राज्य में उत्तर-पश्चिम से आने वाली गर्म और शुष्क हवा का प्रभाव मई में नहीं जम पाया, क्योंकि बनने वाला ज्यादातर पश्चिम विक्षोभ प्रदेश के मौसम को प्रभावित करता रहा। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की उपस्थिति बनी रही। आंकड़ों के अनुसार मई की 12 तारीख को दुर्ग का सर्वाधिक तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा और रायपुर का पारा 20 मई को 41.6 से आगे नहीं बढ़ पाया। अभी कई तरह के सिस्टम होने की वजह से बादल छाए हुए हैं और तापमान 35 डिग्री तक भी नहीं पहुंच पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादातर मई के महीने में गर्मी अपना प्रबल असर दिखाती है, मगर इस बार मौसमी बदलाव की वजह से ऐसा नहीं हो पाया।

### हिमाचल, महाराष्ट्र के...

यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े के निर्देश पर आबकारी जिला उपायुक्त रामकृष्णा के मार्गदर्शन में की गई है। आबकारी अधिकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर चंदनीडीह स्थित एक ढाबा के पास नरेंद्र कुमार जायसवाल की गाड़ी की तलाशी ली गई, तो गाड़ी में हिमाचल प्रदेश निर्मित 100 पाइपर, जैकब रेड वाइन सहित अन्य महंगे ब्रांड की शराब मिली। इसी तरह एक अन्य मामले में आबकारी विभाग की टीम ने गश्त के दौरान खरोरा में जितेंद्र बांधे के कब्जे से साढ़े 33 लीटर देशी शराब जब्त की है।

### देर रात संचालित...

इसी दौरान आबकारी विभाग की टीम को वीआईपी रोड श्री राम मंदिर मार्ग पर कोपयको रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बीयर परोसे जाने की जानकारी मिली। आबकारी विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट में दबिश देकर 15 बोतल बीयर जब्त कर प्रकाश कुमार विश्वास को गिरफ्तार किया है।

### सिलतरा के पास बन...

आगजनी की घटना होने से काफी नुकसान उठाना पड़ता था और तकलीफ होती थी। अब नया फायर स्टेशन खुलने से सिलतरा और उरला औद्योगिक क्षेत्र के साथ आसपास के रहवासी क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। राजधानी रायपुर में अग्निशमन सेवा की स्थिति ये है कि शहर में केवल एक फायर स्टेशन टिकरापारा में है।

वहां केवल 20 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां उपलब्ध हैं, जो करीब 30 किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करने के लिए अपर्याप्त हैं। ऐसे में शहर के चारों कोनों में आकस्मिक आगजनी की घटना से शहरवासियों को बचाने चार अलग-अलग दिशाओं में फायर स्टेशन खोलने की मांग एक अरसे से रही है। रायपुर नगर निगम ने इसके लिए पूर्व में प्लान बनाकर शहर के चारों कोनों में प्रस्तावित जगह का चिन्हांकन भी कराया, पर इसके आगे बात नहीं बढ़ पायी। यह योजना केवल कागजों तक सिमट कर रह गयी। अब सिलतरा में नए स्टेशन के बनने से शहर से लगे औद्योगिक क्षेत्र सहित रिहाइशी इलाकों को आकस्मिक आगजनी से राहत मिलेगी।

### दिल्ली में मौसम...

समय से काफी विलंब से चल रही है। रविवार को रायपुर आने वाली फ्लाइट के संचालन में भी इसका असर देखा गया। सुबह के शेड्यूल में आने वाली एयर इंडिया और इंडिगो फ्लाइट अपने निर्धारित समय से काफी लेट होकर रायपुर पहुंची। ट्रैवल्स कारोबारी सूत्रों के अनुसार सुबह 8.45 वाली फ्लाइट 10.6, दोपहर 2.25 वाली 3.10 बजे, 6.40 बजे वाली रात आठ बजे रायपुर विमानतल में लैंड हुई। वहीं रात्रि 8.55 बजे रायपुर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया है। विमानों की लेटलतीफी की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कैंसिल की गई फ्लाइट के यात्रियों को अगली फ्लाइट में सफर करने अथवा रिफंड लेने का विकल्प दिया गया है।

# कोरियर से हेरोइन भेजने वाले दो ड्रग पैडलर पंजाब से गिरफ्तार

## पिछले महीने पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर सवा 14 ग्राम हेरोइन जब्त की थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आमानाका थाने की पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए दो ड्रग तस्करों की निशानदेही पर पंजाब से दो ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए ड्रग पैडलर अपने ग्राहकों को कुरियर के माध्यम से ड्रग भेजने का काम करते थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक ड्रग पैडलर अपने लोकल कांट्रेक्ट के माध्यम से ग्राहक तैयार कर उनके माध्यम से ड्रग खपाने का काम करते थे। पैडलर के पड़ोसी देश पाकिस्तान सहित अन्य ड्रग तस्कर के साथ डार्क वेब के माध्यम से ड्रग मंगाकर खपाने की जानकारी पुलिस को मिली है।

- **पैडलर कोरियर के जरिए करते थे ड्रग सप्लाई**

पुलिस के अनुसार पंजाब, मोगा निवासी सिमरनजीत बत्रा तथा जसकरण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व पुलिस ने 12 अप्रैल को टिकरापारा, संजय नगर निवासी मोहम्मद सोहेल खान, महावीर नगर निवासी तन्मय गोइंदी को चंदनीडीह के पास ट्रेस कर उनके कब्जे से सवा 14 ग्राम हेरोइन जब्त की थी। तलाशी लेने पर एक कोरियर कंपनी का लिफाफा मिला था। लिफाफे के अंदर एक गुल्लक था, ड्रग पैडलर ने उसी गुल्लक के अंदर हेरोइन भेजा था। इस मामले में आजाद चौक सीएसपी अमन झा का कहना है कि मामले की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में जो नए तथ्य मिलेंगे, उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### कुरियर से सिंथेटिक ड्रग मंगाना आसान

हेरोइन, कोकीन सहित अन्य तरह के सिंथेटिक ड्रग पावडर के रूप में आते हैं। इस वजह से सिंथेटिक ड्रग को कुरियर के माध्यम से मंगाना ज्यादा आसान है। इस तरह के मादक पदार्थ पंजाब के रास्ते ट्रक ड्राइवरों के माध्यम से रायपुर लाकर खपाए जाने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं। इसी वजह से आए दिन आमानाका से लेकर कबीर नगर थाना क्षेत्र में हेरोइन, अफीम के साथ कोकीन पकड़े जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### चाकू के बाद ड्रग शराब मंगाने का जरिया बना कुरियर

कुरियर से ड्रग आपूर्ति रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इसके पूर्व बदमाशों द्वारा अब तक ऑनलाइन चाकू मंगाया जाता था। कुरियर सर्विस के माध्यम से ड्रग मंगाने के आरोप में पूर्व में तेलीबांधा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवक डार्क वेब के माध्यम से ड्रग आर्डर कर मंगाता था। इसी तरह से राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक कार्रवाई में कुरियर से हरियाणा की शराब मंगाकर बेचने वाले की गिरफ्तारी की थी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 22/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत लाल पिता मोतीलाल निवासी मौहागांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम मौहागांव, प.ह.न. 06, रा.नि.म. 20 सिलयारी कुरूद, तह. धरसींवा जिला - रायपुर छ.ग स्थित भूमि खसरा नं. 91/19, 318/1, 318/4 का रकबा 0.4050, 0.3040, 0.3040 हे. भूमि बसंत वो बलदेव पिता मोतीराम के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में वर्तमान अभिलेख में पिता का नाम मोतीराम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मोतीराम का सही नाम मोतीलाल पिता स्व. कामदेव सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06/06/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 4, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांकः- 20/5/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- सोनडोंगरी प.ह.नं. 107/36 रा.नि.मं.-4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक रूपचंद पिता मुकुतराम निवासी सोनडोंगरी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 454 शामिल 468 रकबा 0.4660, हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार... रायपुर. के. रा.प्र.क्र. / 202503114500015 अ- 12/ वर्ष /2024-25 आदेश दिनांक 7/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 28/5/2025 को 2.00 बजे किया जाना नियत है । अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक
रायपुर-4**

**आपसी सहमति पत्र का निरस्तीकरण बाबत**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार श्री बीरेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्री भैयालाल पाण्डेय एवं मंजू परिहार पिता श्री राजेंद्र सिंह परिहार द्वारा सहमति पत्र निष्पादित कराया गया, जिसमें कि उक्त सहमति पत्र में मेरे पक्षकार पूर्व में प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के सदस्य थे और मंजू परिहार उक्त समिति कि अध्यक्ष होने के कारण मेरे पक्षकार अध्यक्ष के दबाव में आकर सहमति पत्र में हस्ताक्षर किये थे चूँकि मंजू परिहार अब वर्तमान में प्रियंवदा लोक कल्याण समिति कि अध्यक्ष नहीं है और सहमति पत्र का उनके द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है जिसमें स्कूल संचालन हेतु बाधा उत्पन्न करने का अवैधानिक कार्य किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में पूर्व में ही दिनांक 15/04/25 को वैधानिक सूचना पत्र प्रेषित कराया जा चुका है किन्तु जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण तथा सहमति पत्र विधिक रूप से वैध नहीं होने के कारण उक्त सहमति पत्र को मेरा पक्षकार निरस्त कराना चाहता है।

अतः उक्त सहमति पत्र के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, समिति, संस्था, बैंक आदि सूचना किसी भी प्रकार का हित रखते है तो सहमति पत्र के निरस्तीकरण के सम्बन्ध में प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद अवधि 15 दिवस के पश्चात किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 20/05/25

**भुवन लाल साहू (अधिवक्ता)
डी8 गार्डन के पास मानसपुरम
संतोषी नगर रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9806161000, 9301006900**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**दिनांक 21/05/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती चैतीबाई वगैरह पिता स्व. दयादास सतनामी नि. तुलसी बाराडेरा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम तुलसी प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 603/1, 666/1, 667 रकबा 0.0160, 0.1160, 0.4500 हेक्टेयर का बटांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञा./रा.प्र./क्र. ...... रायपुर के आदेश दिनांक 02/05/2025 के परिपालन में 28/05/2025 को समय 2.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोवस, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अश्विनी नगर में समाधान शिविर आज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 5 के 7 वार्डों के रहवासियों के लिए समाधान शिविर 26 मई को अश्वनी नगर के महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन में आयोजित है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है। इसी तरह जोन 6 के वार्डों के रहवासियों के समस्या समाधान शिविर 26 मई को ही शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजय नगर टिकरापारा में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है।

### आरटीओ दफ्तर का घेराव कल

**रायपुर।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने में अनियमितता को लेकर कांग्रेसजन 27 मई को आरटीओ दफ्तर का प्रातः 11 बजे नागरिकों के साथ मिलकर घेराव करेंगे। प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल का कहना है कि प्रदेश में करीबन 40 लाख वाहनों के नंबर प्लेट बदली जानी है, अकेले रायपुर जिले में 10 लाख नंबर प्लेट लगायी जानी है। पर अभी तक केवल दस फीसदी काम ही पूरा हो पाया है, वाहन चालकों पर चालान का खतरा बना हुआ है। नंबर प्लेट लगाये जाने वाले स्थान पर शासकीय कर्मचारी की डयूटी लगाने, केन्द्रों को कवर कर पूरी तरह से बंद करने और व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया जाएगा।

### अभाविप की बैठक 29 से

**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से 31 मई तक राजधानी के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से छात्र-छात्राएं, शिक्षा विद और प्राध्यापक शामिल होंगे। 28 मई को नागरिक अभिनंदन समारोह शाम 6:30 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष उपस्थिति में आयोजित होगा। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक हर्ष अत्री ने इस आशय की जानकारी दी।

### मलखंब, तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर समापन

**रायपुर।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा शबरी कन्या आश्रम रोहिणीपुरम में 5 से 25 मई तक रोप मलखंब और तीरंदाजी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजीव चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि गोयल अध्यक्ष रायपुर महानगर वनवासी कल्याण समित ने की। आयोजन में 84 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। जिसमें नारायणपुर, सुकमा, बस्तर, कोंडागांव गरियाबंद जिले और रायपुर छात्रावास प्रतिभागी शामिल रहे।

### 38 पौवा शराब के साथ एक कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 38 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस को 23 मई को सूचना मिली थी कि भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी दर्री तालाब पार एक व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में अवैध रूप से शराब रखा हुआ है, जिसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी प्रताप जाल निवासी बीएसयूपी कॉलोनी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 3040 रुपए कीमत की 38 पौवा शराब बरामद की।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने के रामनगर चौकी में एक युवक ने आधा दर्जन युवक तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामनगर निवासी सन्नी साहू ने नंदू, करन, राहुल, नागेश, महेंद्र वंश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सन्नी ने पुलिस को बताया कि वह घर से टहलने के लिए निकला था। इस दौरान बदमाशों ने उस पर हमला बोल दिया।

# निगम का बाजार विभाग होगा अब और सशक्त, कामकाज का पैटर्न बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नगर निगम के बाजार विभाग के कामकाज का पैटर्न अब बदलेगा। शहर निगम द्वारा बनवायी गयी दुकानों की टेंडर प्रक्रिया, सर्वे और पार्किंग एरिया जैसे काम सीधे निगम मुख्यालय से तय होंगे। अभी तक ये काम जोनस्तर पर कराये जाते रहे हैं, लेकिन फाइल प्रक्रिया में ज्यादा समय लगने, दुकानों के नवीनीकरण लंबित रहने और समय पर दुकानों का किराया नहीं आने की शिकायत को देखते हुए अब प्रशासनिक स्तर पर सुधार किया जा रहा है। सभी जोन कमिश्नर से तीन दिन के अंदर उपायुक्त बाजार के पास बाजार व नजूल विभाग की सभी नस्ती और दस्तावेज मंगाये गए हैं।

नगर निगम का बाजार विभाग अब पहले से ज्यादा मजबूत होगा। अब ज्यादातर काम सीधे निगम मुख्यालय स्तर पर होंगे। पूरे सिस्टम पर निगम के आला अधिकारी की नजर रहेगी। दुकानें क्यों नहीं बिक रहीं, कितनी दुकानें शहरभर में खाली पड़ी हैं, कौन-कौन सी दुकानों का कब से किराया नगर निगम को नहीं मिला, इन सब बातों की जानकारी मुख्यालय के पास रहेगी। नगर निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार किया जा रहा है। उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि तीन दिन के अंदर बाजार व नजूल विभाग की सभी नस्ती और दस्तावेज मुख्यालय मंगाये गये हैं, ताकि बाजार विभाग के कार्य को केन्द्रीयकृत किया जा सके।

- दुकानों की टेंडर प्रक्रिया, सर्वे, आवंटन, नवीनीकरण, पार्किंग ठेका सीधे मुख्यालय से तय होंगे
- जोन स्तर पर निर्भरता होगी खत्म, बाजार विभाग का कार्य केन्द्रीयकृत
- बाजार व नजूल विभाग की नस्ती व दस्तावेज तीन दिन में उपायुक्त बाजार के अधीन होंगे




***आधी फाइल जोन, आधी फाइल मुख्यालय में होने से रही दिक्कत :*** *बाजार विभाग का जोन स्तर पर विकेन्द्रीकरण होने से 50 फीसदी फाइल जोन में और 50 फीसदी फाइल निगम मुख्यालय के पास रहती थी। इससे टाइम पर रिपोर्टिंग करने में खासी दिक्कत हो रही थी। अब एक जगह से सारी व्यवस्था सुनिश्चित होगी, साथ ही विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय रहेगी। दुकानों की निविदा जारी करना, आवंटन और प्रकाशन तथा दावा आपत्ति निराकरण से लेकर कोर्ट कचहरी संबंधी कार्य के लिए एक अलग से टीम रहेगी।*

### सात कर्मचारी पदस्थ राजस्व बढ़ेगा

बाजार विभाग के कार्य को केन्द्रीयकृत करते हुए जोन 3, 4 और जोन 9 के 7 कर्मचारियों को निगम मुख्यालय के बाजार विभाग में पदस्थ किया गया है। इसमें 2 भृत्य शामिल हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मुख्यालय में लंबे समय से पदस्थ राजस्व उप निरीक्षक ऋषि परोच को जोन 4 में पदस्थ किया गया है। वहीं जोन 4 से दिलीप बेहरा, उद्यान विभाग मुख्यालय से सहायक राजस्व निरीक्षक ध्रुव तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक अब्दुल हमीद खान, विनोद महोबिया को बाजार विभाग निगम मुख्यालय लाया गया है। इसी तरह जोन 3 से सहायक राजस्व निरीक्षक कृष्णा टंडन और जोन 9 से 2 भृत्य हीरासिंग निषाद व जीवन निषाद को बाजार विभाग मुख्यालय में पदस्थापना दी गयी है।

### दुकानों का होगा ऑनलाइन सर्वे, कंसेशनल प्लान ला रहे

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम की शहरभर में शासन की अलग-अलग योजनाओं के तहत करीब 2400 दुकानें हैं। इनमें से 1 हजार दुकानें ऐसी हैं, जो सालों से खाली पड़ी हैं। इन दुकानों के लिए बाजार विभाग कंसेशनल प्लान लेकर आ रहा है। कुछ दुकानदारों ने निगम की खाली पड़ी दुकानों को लेने में दिलचस्पी दिखाई है, ऐसी दुकानों का नए सिरे से टेंडर निकाला जाएगा। पार्किंग, दुकान किराया, दुकानों के नवीनीकरण संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर नए सिरे से इसकी लिस्टिंग की जायेगी। कुछ ऐसी दुकानें जो अरसे से नहीं बिक रहीं, उसका रोटेशन और नवीनीकरण किया जाएगा।

## नगर निगम ने सिर्फ जलकुंभी निकलवाई, सूख रहा है आधा एकड़ से ज्यादा एरिया

# पांच साल पहले जहां सफाई पर खर्च किए 18 करोड़, उसी क्षेत्र में सूख रहा बूढ़ातालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भले ही जलकुंभी से पटने वाले बूढ़ातालाब की सफाई पर पांच साल पहले रायपुर निगम ने 18 करोड़ से ज्यादा फंड खर्च किया, लेकिन वर्षों बाद तालाब का करीब आधा एकड़ से ज्यादा एरिया सूख रहा है। इस क्षेत्र की सफाई पांच साल पहले ही हुई थी। अभी हालात ऐसे बन रहे हैं कि अधूरी सफाई के कारण तालाब के आधे एकड़ से अधिक हिस्से तक लोगों ने पहुंचने के लिए रास्ता बना लिया है।

चांदनी चौक, नेहरू नगर, दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे हिस्से में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे की जद में होने की सूचना लिखने की स्थिति है। राजधानी के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के एक हिस्से को शायद पहली बार लोग सूखता हुआ देख रहे हैं।

**ऐतिहासिक बूढ़ातालाब के एक हिस्से को शायद पहली बार लोग सूखता हुआ देख रहे**





### 50 ट्रक निकाला था कचरा

इस क्षेत्र का जायजा लेने पर पता चला कि 2020 में तालाब सौंदर्यीकरण के दौरान 18 करोड़ से ज्यादा बजट खर्च करके निगम के जिम्मेदारों ने नेहरू नगर की तरफ से बूढ़ातालाब में वृहद पैमाने पर सफाई अभियान चलाते हुए 50 ट्रक कचरा निकाला गया। अब तालाब का वहीं हिस्सा सूखने लगा है। आलम यह है कि कुछ एरिया सूख गया है। जहां तक आने-जाने के लिए उपद्रवी तत्वों ने रास्ता बना लिया है। रात में कम रोशनी होने से लोग आना-जाना करते हैं। वहीं दूसरी तरफ निगम के जिम्मेदार इस स्थिति से अनजान हैं कि तालाब सूखते देख लोगों ने उस क्षेत्र में ठीहा जमाना शुरू कर दिया है।

### इस वजह सूख रहा है तालाब

बूढ़ातालाब का बड़ा हिस्सा इसलिए सूखने लगा है, क्योंकि निगम ने सफाई के दौरान 35 मछुआरों, 85 सफाई मित्रों को मिलाकर कुल 120 श्रमिक लगाए थे। सफाई के दौरान सिर्फ जलकुंभी निकाली गई। इस क्षेत्र की दलदल को साफ नहीं किया गया। सौंदर्यीकरण के दौरान आसपास का कचरा भी बड़े पैमाने पर तालाब में गया, इससे तालाब का करीब आधा एकड़ एरिया सूखने के कगार पर है।

### संज्ञान में लेकर दिखवाएंगे



मामले का पता चला है। तालाब के संरक्षण के लिए उचित कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस मामले को संज्ञान में लेकर दिखवाती हूं।

**- मीनल चौबे,** महापौर नगर निगम, रायपुर

## ओपन स्कूल व राज्य बोर्ड के भरोसे पढ़ाई

# 25 साल बाद बदलेगा संस्कृत विद्यामंडलम का पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




टॉपर्स घोटाले के बाद लगातार व्यवस्थाओं में सुधार कर रहा संस्कृत बोर्ड अब पाठ्यक्रम में बदलाव की तैयारी कर रहा है। इसके लिए बकायदा कमेटी बनाई जाएगी और विषय विशेषज्ञों की निगरानी में ये परिवर्तन होंगे। संस्कृत विद्यामंडलम यह प्रयास कर रहा है कि यथाशीघ्र नवीन पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाए। एक्सपर्ट से राय लेने के बाद यदि बोर्ड सत्र 2025-26 में बदलाव की स्थिति में रहा तो इसी वर्ष बदलाव कर दिए जाएंगे, अन्यथा सत्र 2026-27 से नया पाठ्यक्रम लागू होगा। छत्तीसगढ़ राज्य बनने और संस्कृत विद्यामंडल बनने के बाद यह पहली बार होगा, जब पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाएगा।

संस्कृत बोर्ड का अपना पृथक पाठ्यक्रम अब तक नहीं रहा है। पहली से आठवीं कक्षा तक छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में जिन पाठ्यक्रमों का संचालन होता है, वही पाठ्यक्रम संस्कृत बोर्ड में भी लागू रहता है। इसी तरह नवमी से बारहवीं कक्षा तक ओपन स्कूल का पाठ्यक्रम ही संस्कृत बोर्ड में लागू रहता है। इनमें बदलाव होने पर संस्कृत बोर्ड उसे अंगीकृत कर लेता है, किंतु अपने स्तर पर संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा कोई बदलाव कभी नहीं किया गया है।

### तीन अतिरिक्त विषयों का अध्ययन

संस्कृत बोर्ड में छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड की तरह विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य सभी विषयों की पढ़ाई हिंदी माध्यम में ही होती है। संस्कृत बोर्ड के विद्यार्थियों को इन विषयों के अलावा संस्कृत के तीन विषय अतिरिक्त रूप से पढ़ने होते हैं। इन तीन विषयों का ब्लू प्रिंट नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। संस्कृत विद्यामंडल के अनुसार, इसके लिए विषय विशेषज्ञों के साथ ही राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की भी मदद ली जा रही है। इनके सहयोग से परिष्कृत पाठ्यक्रम तैयार होगा। इन तीन विषयों के अलावा राज्य बोर्ड और ओपन बोर्ड से अंगीकृत पाठ्यक्रमों में भी बदलाव पर विचार होगा।

# गाड़ी टकराने के विवाद पर युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- चार दिन पूर्व गाड़ी टकराने की बात को लेकर हुआ था विवाद
- एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

उरला थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व गाड़ी टकराने के विवाद पर बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक का आंबेडकर अस्पताल में उपचार चल रहा है। गाड़ी टकराने की घटना चार दिन पूर्व की है। इस बात को लेकर दूसरे पक्ष ने युवक को बात करने के लिए झांसा देकर बुलाया और उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार लव कुमार साहू ने रेहान तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। लव ने पुलिस को बताया है कि वह अपने रिश्तेदार के साथ पिकअप वाहन से जा रहा था। इस दौरान रेहान की गाड़ी से उसकी गाड़ी टकरा गई। इस बात को लेकर रेहान उसके साथ विवाद करने लगा। घटना के चार दिन बाद रेहान ने लव को मिलने के लिए बुलाया। इस पर लव रेहान से अकेले मिलने के लिए चला गया। मौके की ताक पर बैठे रेहान तथा उसके साथियों ने लव के साथ मारपीट कर उसके पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर फेडरेशन गठित, झा संरक्षक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गौरवपथ के कर्मचारी भवन में बैठक

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले राजधानी के जिला शाखा अध्यक्ष पंकज नायक की उपस्थिति में संगठन का विस्तार किया गया। रविवार को गौरव पथ के समीप कर्मचारी भवन में बैठक आयोजित की गयी। इसमें विजय कुमार झा संरक्षक बनाये गये।

केन्द्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से प्रस्तावित यूपीएस तथा उसके सदन में स्वीकृत करने से केन्द्र व राज्य सरकार के पेंशनरों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का गठन किया गया है। इसमें एसके मित्रा, एसएस देवांगन विधिक सलाहकार, जिला कोषाध्यक्ष बीपी कुरील, जिला सचिव बेनीराम गायकवाड़, महामंत्री यशवंत भोसले, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उषा सोनी मनोनीत किये गये।

इस अवसर पर पेंशनर फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार, सीएल दुबे, राकेश त्रिवेदी, सुरेश ठाकुर, सविता अदक, विश्वनाथ ध्रुव, निर्मल मित्रा, वाय.आर सोनी, जीएल ओगरे, दिलीप वर्मा, महेश सिंह ठाकुर, असलम खान, केदार प्रसाद अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन उपस्थित रहे। सभी ने केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन योजना में प्रस्तावित संशोधन बिल का विरोध करने का निर्णय एकमतेन पारित किया है।

# समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित भाजपा-कांग्रेस के कई नेता पहुंचे

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाजसेवी, गोसेवक, और अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक, स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल आज पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके अंतिम संस्कार में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित भाजपा-कांग्रेस के कई नेता पहुंचे।

सुबह 10:30 बजे उनके पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा रामजी वाटिका, मौलश्री विहार, वीआईपी रोड स्थित निवास से प्रारंभ हुई। अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उनके पार्थिव शरीर को सर्वप्रथम मौदहापारा गोआश्रम ले जाया गया, जहां गोसेवकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्हें रामसागर पारा स्थित उनके पुराने निवास पर ले जाया गया, जहां स्थानीय नागरिकों ने भी नम आंखों से विदाई दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल, विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, इंद्र कुमार साहू, सुनील सोनी, भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधायक श्री इंद्र देव राय, संतोष बाफना, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष, राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। लोगों ने श्री अग्रवाल द्वारा किए गए कार्यों और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। उनका मिलनसार और सरल स्वभाव हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता था। वे न केवल एक सच्चे समाजसेवी थे, बल्कि इंसानियत की मिसाल भी थे। आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तब भी उनका जीवन हमें प्रेरणा देता रहेगा। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने परिवार की ओर से सभी श्रद्धेय अतिथियों, शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक साथियों, प्रशासन और आम नागरिकों को हृदय से धन्यवाद दिया।

# युक्ति युक्तकरण के विरोध में 28 को करेंगे मंत्रालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्ति युक्त करण के विरोध में सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदेशभर के 23 शिक्षक संगठन 28 मई को मंत्रालय के महानदी भवन का घेराव करेंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। युक्ति युक्तकरण तथा उसके मापदंड व विसंगतियों का विरोध करने मंत्रालय एवं संचालनालय में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन और स्कूल शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन व अल्टीमेटम भी दिया था। समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी।

प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों ने विसंगति पूर्ण युक्ति युक्त करण के विरोध में शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोना साहू की तर्ज पर प्रदेश के 1 लाख से अधिक शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवा गणना करते हुए पुराने पेंशन बहाली सहित समस्त लाभ प्रशिक्षतों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट देने सहित विभिन्न मांगों को सर्व शैक्षिक संगठन छत्तीसगढ़ के बैनर तले 28 मई को मंत्रालय का घेराव करेंगे। शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष और सर्व शिक्षण साझा मंच के संचालक राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि युक्ति युक्त करण पर तत्काल रोक सहित 4 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने 28 मई को मंत्रालय का घेराव किया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेशभर के शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षक संगठनों के प्रांत अध्यक्ष मनीष मिश्रा, केदार जैन, संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलून भारद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमलदास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णुप्रसाद साहू, अनिल टोप्पो, धरमदास बंजारे ने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि राज्य सरकार की विसंगतिपूर्ण युक्ति युक्त करण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूलों में विषय आधारित शिक्षकों के अलावा दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की वृद्धि 2009 के सेटअप अनुसार होनी चाहिए। यदि प्रदेश में शिक्षकों के पद रिक्त हैं तो रिक्त पदों पर सरकार को शिक्षकों की भर्ती करनी चाहिए, लेकिन सेटअप में छेड़छाड़ कर स्कूलों शिक्षकों की संख्या घटाना यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है।



- प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन लामबंद, सर्व शैक्षिक संगठन के बैनर तले प्रदर्शन

### प्रमुख मांग इस तरह

0 सेटअप 2008 व शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के विपरीत विद्यालय एवं शिक्षकों का युक्ति युक्त करण की कार्यवाही को तत्काल स्थगित करने की मांग। साथ ही भविष्य में युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश जारी करने के पूर्व समस्त शैक्षिक संगठनों से चर्चा कर सुझाव लिया जाए।

0 सोना साहू की तर्ज पर प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान के लिए जनरल आदेश जारी किया जाए।

0 पूर्व की भांति शिक्षक से व्याख्याता और व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षण अनिवार्यता शिथिल कर डीएड प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को पदोन्नति के लिए अवसर प्रदान किया जाए। प्राचार्य के 10 फीसदी पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से तत्काल पदोन्नत करने की मांग।

0 शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन सहित अन्य समस्त लाभ प्रदान किया जावे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी....

## एजुकेशन अलर्ट

# एसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी, 15 जून को होगा एग्जाम

**रायपुर।** स्टाफ सलेक्शन कमीशन ने जून 2025 में आयोजित कई परीक्षाओं की टेंटेटिव डेट की घोषणा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर कर दी है। आयोग ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर परीक्षा कैलेंडर जारी किया है, जिसमें जून में होने वाली तीन प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की डेट शामिल है, वो हैं जूनियर सेक्रेटरी असिस्टेंट/लोअर डिवीजन क्लर्क, सीनियर सेक्रेटरी असिस्टेंट/अपर डिवीजन क्लर्क और असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर। इन प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन 15 जून 2025 को होना है। कैंडिडेट्स आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर परीक्षा कैलेंडर देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

### ऐसे डाउनलोड करें एग्जाम कैलेंडर

जो भी उम्मीदवार इस साल जून में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, वे इस तरीके से एग्जाम कैलेंडर डाउनलोड कर सकते हैं। ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं। होमपेज पर नोटिस बोर्ड सेक्शन पर क्लिक करें। वहां एग्जाम शेड्यूल पर क्लिक करें। इसके बाद परीक्षा कैलेंडर पीडीएफ फॉर्मेट में स्क्रीन पर खुल जाएगा, जिसे डाउनलोड करें।




### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार देशभर के 5 से 18 वर्ष तक की आयु (31 जुलाई 2025 तक) के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति, तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान दिया है। नामांकन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, जिसमें किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों का नामांकन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को भी प्रेरित करना है। यह पुरस्कार उन बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। अधिक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित आधिकारिक पोर्टल **https://awards.gov.in/** या जिला प्रशासन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## कोई बना मेहंदी आर्टिस्ट तो किसी ने ऑर्डर पर शुरू किया कुकिंग का काम

# समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा युवा और महिलाएं अब बन रहे आत्मनिर्भर

राजधानी में होने वाले समर कैंप बच्चे, युवा और महिलाओं के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। शहर में आयोजित निशुल्क समर कैंप लोगों के आय का माध्यम बनते जा रहे हैं। समर कैंप निशुल्क होने से प्रत्येक वर्ग के लोग इसमें जुड़ रहे हैं। जहां वे नई विधाओं को सीखने और रोजगार के लिए प्रशिक्षण पाने पहुंच रहे।

**रायपुर।** अब ग्रीष्मकालीन शिविर लोगों के कौशल विकास और रोजगार का माध्यम बनता जा रहा है, जहां वह अपनी कमियों को सुधारने और कुछ नया सीखने के भाव से पहुंच रहे। संस्थाओं द्वारा प्रत्येक वर्ष निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जाता है, ताकि प्रत्येक वर्ग के लोगों को जोड़ा जा सके। इस वर्ष टिकारापारा स्थित नूतन स्कूल, समता कॉलोनी स्थित मैक और पुरानी बस्ती स्थिति अग्रसेन कला केंद्र जैसे अनेक स्थानों पर समर कैंप निरंतर जारी है। जहां 1-2 माह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुकिंग, मेहंदी, सिलाई-कढ़ाई, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, संगीत, शास्त्रीय नृत्य समेत अन्य विधाओं में प्रशिक्षण लेकर लोग इसे अपना आय का साधन बनाते जा रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने समर कैंप के प्रतिभागियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर रोजगार का अवसर दे रहे हैं। यहां नई दिशा में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर होने का मौका मिल रहा है।



### मेहंदी बनी आय का साधन

*मेहंदी आर्टिस्ट मो. इशरार खान ने बताया कि बीते 10 वर्षों से लगातार कैंप के माध्यम से मेंहदी क्लास में शामिल हो रहा हूं। अब यह मेरी आय का साधन बन चुका है। गर्मी की छुट्टियों में मेहंदी और पेंटिंग सीख रहा। इस वर्ष नूतन स्कूल में मेहंदी सीखने का मौका मिल रहा है, जो मेरी आय का जरिया भी बन चुका है। लगभग 10 वर्षों से लगातार शिविर के माध्यम से ही मेहंदी सीखता आया हूं, इससे नई डिजाइन सीखने और गलतियों को सुधारने में मदद मिलती है। प्रशिक्षण शिविर में मेंहदी डिजाइन सीखकर दुकान खोलने की इच्छा है।*

### समर कैंप में सीखी कुकिंग अब ऑर्डर पर बना रहीं व्यंजन



40 वर्षीय हेमलता शर्मा ने बताया कि साल 2010 से मैक परिसर से जुड़कर लगातार ग्रीष्मकालीन शिविर में शामिल होती रही हूं, अब तक कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश, कुकिंग, डांस, जुंबा, आर्ट एंड क्रॉफ्ट और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसे शिविरों का हिस्सा रह चुकी हूं। निशुल्क शिविर में भाग लेने से न केवल पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में सुधार हुआ, बल्कि अनेक प्रकार के व्यंजन बनाने की कला भी सीखी है। पाक कला में निपुण होने के बाद अब ऑर्डर पर काम करना शुरू किया है, जिससे घर खर्च और सामान्य जरूरतों के लिए खर्च निकल जाता है।

### शिविर के बाद करेंगी व्यवसाय की शुरुआत



घर खर्च में मदद करने और आत्मनिर्भर बनने छत्राणी देवांगन ने सिलाई प्रशिक्षण शिविर में दाखिला लिया था। चर्चा के दौरान बताया कि टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल में आयोजित समर कैंप के माध्यम से सिलाई करना सीख रही हूं, इसके बाद घर पर काम शुरू करूंगी। बचपन से सिलाई-कढ़ाई में रुचि रही, लेकिन कई कारणों से मौका ही नहीं मिल पाया।

### कैंप से खुद को निखार रहे प्रतिभागी

नूतन स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर में बीते 2 साल से पदमा साहू ब्यूटी पार्लर और मेहंदी क्लास में शामिल हो रही हैं।



उन्होंने बताया कि कैंप से खुद को निखारने का मौका मिल रहा है। इससे मेहंदी और पार्लर की सामान्य गलतियों को सुधार रही हूं। आने वाले दिनों में मेहंदी के ऑर्डर और पार्लर की शुरुआत करने की इच्छा है, जिससे पहले ट्रेनिंग ले रही हूं।

### बचपन का सपना कथक प्रशिक्षक बनना

अग्रसेन कला केंद्र से श्रुति शर्मा ने बताया कि बचपन से शास्त्रीय नृत्य



कथक में रुचि रही। मान्यता प्राप्त कर भविष्य में कथक प्रशिक्षक बनने की इच्छा है, जिसके लिए 6 वर्षों की शैक्षणिक पढ़ाई जारी है। पूर्ण प्रशिक्षण के बाद खुद की डांस अकादमी शुरू करने की इच्छा है। शिविर के माध्यम से पुराने सपने पूरे करने का मौका मिल रहा है।

## हेल्थ लाइव

# बदलते मौसम में बुजुर्गों के लिए गेंहू के आटे से अधिक फायदेमंद मिलेट की रोटी



**रायपुर।** लगातार बदलते मौसम के बीच सर्द-गर्म वातावरण बच्चों से लेकर बुजुर्गों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। सुबह तेज धूप और शाम होते ही बारिश तबीयत खराब होने का कारण बन चुके हैं। बीते कुछ दिनों से सुबह-शाम तापमान में बदलाव देखा जा सकता है। इस स्थिति में कमजोर इम्युनिटी के लोगों में बीमार और संक्रमित होने की समस्या बढ़ जाती हैं। ऐसे में बैक्टीरिया, वायरस और फंगस से लड़ने के लिए बेहतर इम्युनिटी पॉवर होना जरूरी है, जो स्वस्थ शरीर के लिए फायदेमंद साबित होगा। इस मौके पर शहर के चिकित्सकों ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुझाव व घरेलू उपाय साझा किए हैं, जिसमें स्वस्थ शरीर के लिए जानकारी दी गई है।

**इम्युनिटी पॉवर बढ़ाने के लिए पोषक तत्व जरूरी**

### संक्रमण से बचने साफ-सफाई रखें

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय से डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि बदलते मौसम के साथ नवजात शिशुओं का विशेष ध्यान जरूरी है। इस मौसम में छोटे बच्चों के खानपान और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जिससे उन्हें इन्फेक्शन से बचाया जा सकता है। शरीर में पोषक तत्व सही मात्रा में रखने के लिए हर 2 घंटे में पोषक आहार दें। संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों के आसपास साफ सफाई रखें, वहीं शरीर के तापमान पर विशेष ध्यान दें। इस मौसम में बुजुर्ग गिलोय, काली मिर्च, दालचीनी, अदरक और गुड़ से तैयार काढ़ा का सेवन करें, जो उन्हें बीमारी से सुरक्षित रखेगा।

### हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाने मिलेट की रोटी

जिला अस्पताल से डॉ. निलय मोझरकर ने बताया कि इन दिनों घर पर तैयार ताजा भोजन को प्राथमिकता दें, वहीं बुजुर्ग और बच्चों को बीमार व्यक्तियों के संपर्क में न आने दें। बाहर से आने के बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने के लिए रात के भोजन में मिलेट की रोटी देना शुरू करें, बुजुर्गों के लिए गेंहू से अधिक फायदेमंद मिलेट की रोटी है, जो पाचन में मदद करती है। शरीर में इम्युनिटी पॉवर बढ़ाने के लिए मौसमी फल, सब्जी और उबले अंडे जरूर खाएं।

# जीवन में पहचान बनाएं, सफलता के लिए संसाधन की नहीं, दृष्टिकोण की जरूरत

### मोटिवेशनल स्पीकर दर्शन सांखला ने बताए सफल होने के टिप्स

**रायपुर।** हमें जीवन में अपनी पहचान मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि आदतों पर। एक मजबूत पहचान हमें जीवन में सही दिशा में देती है। दीर्घकालिक सफलता के लिए प्रेरित करती है। हम जीवन में क्या बनना चाहते हैं, यह हर व्यक्ति को सोचना चाहिए। सफलता के लिए धन या संसाधनों की जरूरत नहीं है, बल्कि सही दृष्टिकोण जरूरी है। यह बात शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था युवा ने संडे स्पेशल क्लास में प्रेरक सेमीनार का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमी व मोटिवेशनल स्पीकर दर्शन सांखला थे। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। योर रेस्ट ऑफ लाइफ, बेस्ट ऑफ लाइफ विषय पर वक्तव्य दिया।





### पांच साल में सपना पूरा करने तय करें तरीके

आदतों के निर्माण और उनके दीर्घकालिक प्रभावों पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित करने वाले जेम्स क्लियर और जेफ केलर पुस्तक को पढ़ना चाहिए। इससे तय सपने को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रतिभागियों को सलाह दी कि अगले 5 वर्षों के लिए अपने सपनों को लिखें और पूरा करने के तरीकों पर काम करें। यह प्रक्रिया लक्ष्य को क्लीयर करने और हासिल करने में रोडमैप की तरह मदद करेगी। समय की कीमत को समझें और प्रबंधन करने की आदत, पढ़ाई, जीवन में डालें, यह आदत आपके लिए जीवनभर उपयोगी होगी।



# स्वच्छता रैली से लेकर प्लास्टिक मुक्त अभियान तक जागरूकता का संदेश

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत 22 मई से 5 जून तक विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें प्लास्टिक के उपयोग में कमी और कचरा प्रबंधन के महत्व को बताया गया। इस रैली में मुख्य स्टेशन प्रबंधक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग के कर्मचारी, सफाईकर्मी और वेंडर शामिल हुए। रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई पॉवर हाउस, भाटापारा सहित मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर भी यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

### प्लास्टिक से बचने किया प्रेरित

यात्रियों को प्लास्टिक के विकल्प अपनाने, स्वयं की पानी की बोतल लेकर चलने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खुद को रोको, खुद को टोको की भावना से शुरुआत करते हुए दैनिक जीवन में प्लास्टिक उपयोग कम करने, जल संरक्षण, कागज का सीमित उपयोग और वृक्षारोपण जैसे उपायों को अपनाने पर जोर दिया।

## सामान्य साइकिल के साथ ही अब स्कूल खुलने से पहले ई-साइकिल की पूछपरख बढ़ी

**कार्नर न्यूज**

# आटो किराया बचाने इलेक्ट्रिक साइकिल का रूख करने लगे पालक, कम कीमत पर अच्छा विकल्प



**रायपुर।** इन दिनों शहर के सामान्य एवं इलेक्ट्रिक साइकिल की दुकानों पर पूछपरख बढ़ने लगी है। जिन बच्चों ने माता-पिता से वादा किया और अच्छे अंकों से परीक्षा पास की है। अब उनकी खुशी के लिए माता-पिता आटो से आने-जाने की समस्या से बचाने के लिए इलेक्ट्रिक और गियर वाली साइकिल खरीदने के साथ ही पूछपरख के लिए भी एमजी रोड, बूढापारा, तेलीबांधा, संतोषी नगर और जयस्तंभ चौक क्षेत्र की साइकिल दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। दुकान संचालक राघवेंद्र साहू ने बताया कि अब लोग एक्टिवा खरीदने के बजाय बेटे-बेटियों को स्कूल और ट्यूशन आने-जाने में सहूलियत के लिए भी इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदने में रुचि लेने लगे हैं। कई लोग बैटरी बैकअप सहित इंश्योरेंस के बारे में चर्चा करते हैं।



### इलेक्ट्रिक साइकिल में स्पीड भी कम

साइकिल खरीदने पहुंचने ग्राहक गोपाल दीवान और अरुण नायक ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बढ़ते ग्रॉफ और ट्रैफिक को सहयोग के लिए इलेक्ट्रिक साइकिल अच्छा विकल्प है। इसे देखते हुए गाड़ी खरीदने के बजाय बेटे-बेटियों के लिए इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदने का मन बनाया है। 21 से 70 हजार तक के बजट में 25 से 70 किलोमीटर की रेंज में आने-जाने के लिए साइकिल सही लग रहा है। इससे पढ़ाई पर खर्च होने वाले बजट को भी संतुलित करने में मदद मिलेगी। 25 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड होने से सड़क पर चलने में आसानी होगी।

### गियर वाली इलेक्ट्रिक साइकिल..

शहर में इलेक्ट्रिक साइकिल बेचने वाले कारोबारी बताते हैं कि अभी साइकिलिंग के लिए नार्मल और बेटे-बेटियों को स्कूल आने-जाने के लिए गियर वाली, इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदना पसंद करने लगे हैं। कम बजट के चलते कुछ लोग गियर वाली साइकिल 5 से 10 हजार में खरीद रहे हैं। वहीं जिन लोगों को एक्टिवा खरीदने में दिक्कत आ रही है, ऐसे ज्यादातर लोग बजट के लिहाज से इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदने लगे हैं। इससे पहले महीने में जहां एक-दो साइकिल बिकती थी, वहीं अब इससे ज्यादा रोज बिक रही हैं।

### हर महीने तीन हजार से ज्यादा बेच रहे

अलग-अलग क्षेत्र के साइकिल विक्रेताओं ने बताया कि अभी हर महीने शहर में तीन हजार से ज्यादा साइकिलें बिक रही हैं। इनमें 25 से 30 इलेक्ट्रिक साइकिलें शामिल हैं। इसे मिडिल क्लास फैमिली के लोग खरीदना पसंद करते हैं। हाईसोसायटी के लोग बच्चों को ट्यूशन भेजने के लिए भी इसे खरीद रहे हैं। तीन घंटे में साइकिल चार्जिंग करने से बैटरी बैकअप पॉवर के तहत लोग उपयोग करने लगे हैं।

सिटी लाइव

# नैतिक मूल्यों वाले कार्यकर्ता समाज को बनाएंगे सशक्त



रायपुर। शहर के बैरन बाजार में छत्तीसगढ़ी समाज ने राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें विभिन्न जिलों से आए समाज प्रमुखों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह से भाग लिया। समाज के स्टेट चेयरमैन डॉ. सत्यजीत साहू ने कहा कि समाज को विभिन्न स्तरों पर नैतिक मूल्यों वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर प्रमुख भूमिका के लिए तैयार करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वक्ता प्रदीप शर्मा ने समाज को सशक्त कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और नई पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. उदयभान सिंह चौहान ने राज्य निर्माण के बाद न्याय, समानता और आर्थिक प्रगति के लिए सहयोग की भावना से काम करने की जरूरत पर सम्मेलन में जोर दिया।

### सामाजिक उत्थान के लिए बेहतर पहल

प्रशिक्षण शिविर में गुलाब देशमुख ने ज्ञापन तैयार करने और घनश्याम गजपाल ने मुद्दों के चयन को लेकर प्रशिक्षण दिया। महासचिव सुबोध देव ने छत्तीसगढ़ी समाज के कार्यों के इतिहास और औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूर संघ के गठन पर प्रकाश डाला। संगठन सचिव चंद्रशेखर चंद्राकर ने वैश्विक स्तर पर 243 समाजों की सक्रियता और सामाजिक-आर्थिक आंदोलनों की जानकारी दी। मालती परगनिहा ने भी महिला संघ की गतिविधियों की जानकारी साझा की। समाज के रेक्टर आचार्य रितेश्वरानंद ने प्रशिक्षण और सम्मेलन को समाज के सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए एक बेहतर पहल बताया है।

सिटी इवेंट

# दिव्यांगों को प्रशिक्षण देने करें प्रयास, सेवा के लिए सम्मान



रायपुर। दिव्यांग बच्चों को स्वरोजगार मूलक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का काम निरंतर करने की जरूरत है। निशक्तजन आयोग अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि दिव्यांगों के लिए कई संस्थाएं काम भी करती हैं। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों के अधिकारों की रक्षा के साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। शिक्षा, रोजगार, प्रशिक्षण, पुनर्वास, उपचार, सार्वजनिक परिवहन के साथ भवन और बुनियादी सुविधा और पुनर्वास से जोड़ते हुए सशक्त बनाना है। माता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर रविवार को ऑल इंडिया लीनेस क्लब और कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए आयोजन में आयोग के अध्यक्ष ने कहा, जानकी गुप्ता फाइन आर्ट्स प्रशिक्षक के रूप में भी दिव्यांगों को स्वरोजगार मूलक निशुल्क प्रशिक्षण देने का दायित्व निभा रही हैं।

### मातृशक्ति के साथ बच्चों का सम्मान

जिन महिलाओं ने मातृशक्ति के रूप में संघर्ष किया, ऐसी महिलाओं का सम्मान किया गया। इसके लिए समाजसेवी दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता, राकेश तिवारी, राजेंद्र जैन मौजूद थे। उन्होंने मातृ शक्तिस्वरूपा के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सूर्या लुंकड़, प्रभा रावत, डॉ. प्रीति साहू, डॉ. रचना मिश्रा, डॉ. मंजू गुप्ता का सम्मान मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया। जानकी गुप्ता लीनेस क्लब अध्यक्ष एवं संचालिका कृति फाइन आर्ट्स ने उभरते कलाकारों को सेना के शौर्य को कैनवास पर उकेरने का अवसर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों के प्रति भावना प्रकट करने वाली मिहिका साहू ,रचित पद्मवार,आरुष पद्मवार सहित 16 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

## कलर्स मॉल में रविवार को मूवी 'भूल-चूक माफ' देखने उमड़ी भीड़

# हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती में दर्शकों की कतार, मनोरंजन के साथ स्पेशल फैमिली टाइम कर रहे एंजॉय

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की संडे मूवी मस्ती के तीसरे सप्ताह कलर्स मॉल सिनेमा में राजकुमार राव स्टारर हिंदी फिल्म 'भूल चूक माफ' दिखाई गई। मूवी मस्ती का हिस्सा बनने लगातार राजधानी के युवा, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं सहित सभी वर्ग के दर्शकों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। प्रत्येक रविवार सुबह 7 बजे हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मूवी मस्ती का टिकट हाथों में थामे कलर्स मॉल सिनेप्लेक्स के बाहर बच्चे-बड़ों की लंबी कतारें दिखाई देती हैं। इसी कड़ी में मूवी मस्ती के तीसरे सप्ताह 25 मई को हिंदी फिल्म 'भूल चूक माफ' देखने बड़ी संख्या में दर्शक कलर्स मॉल के सिनेप्लेक्स के बाहर फिल्म शुरू होने से एक घंटे पहले फैमिली, फ्रेंड्स के साथ कतार में लगे रहे।

रायपुर। मूवी स्टार्ट होने से 10 मिनट पहले सभी दर्शक सिनेप्लेक्स में अपनी-अपनी सीटों पर जम चुके थे। मूवी देखने समर सीजन की छुट्टी मना रहे स्कूली बच्चों संग पैरेंट्स-फ्रेंड्स बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। दर्शकों का कहना है कि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की मूवी मस्ती में फिल्म देखकर उनका खूब मनोरंजन तो हो ही रहा है, साथ ही वे अपने फैमिली व फ्रेंड्स के साथ स्पेशल टाइम भी बिता पा रहे हैं। मूवी मस्ती में पहुंचे दर्शकों ने हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा मूवी मस्ती के इस शानदार कार्यक्रम आयोजन की सराहना करते हुए आभार भी जताया। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के पाठकों और दर्शकों का हर साल की तरह इस साल भी खूब प्यार मिल रहा है। लगातार तीसरे सप्ताह भी आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती का टिकट लेकर कलर्स मॉल सिनेमा पहुंचने वाले सभी वर्ग के सैकड़ों दर्शकों में गजब का उत्साह इस आयोजन की सफलता को बयां कर रहा है। इस आयोजन में हरिभूमि के जनरल मैनेजर अनिल गहलावत, एजीएम प्रशांत तिवारी, मार्केटिंग विभाग से आनंद मिश्रा, समीर चौधरी, मूलचंद कश्यप, कुनाल सेन, कुनाल सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे।

### परिवार समेत पहुंचे संडे मूवी मस्ती देखने

संडे मूवी मस्ती में फिल्म भूल चूक माफ देखने कई दर्शक पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। इनमें दर्शक नीरज शर्मा ने बताया कि वे अपने पूरे परिवार के साथ हरिभूमि-आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती में भूल चूक माफ हिंदी फिल्म देखने पहुंचे हैं। मूवी देखकर खूब मजा आया। इसी तरह सिद्धार्थ जैन, राहुल कुम्भज भी अपने परिवार के साथ संडे मूवी मस्ती एंजॉय करने पहुंचे थे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की।



### ये रहे संडे मूवी मस्ती के सहयोगी

एवीके एग्रो लाइफ साइंस, अविनाश ग्रुप, सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप, रहेजा ग्रुप, कलिंगा यूनिवर्सिटी, श्री नारायणा हॉस्पिटल, एनकेडी हॉस्पिटल, श्री स्वास्तिक ग्रुप, न्यू भारत स्वीट्स, निराकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, मोर हॉस्पिटल, हर्षित सिंघानिया बिल्डकॉन, श्रीनय हॉस्पिटल, रालास मोटर्स, न्यू लाइफ हॉस्पिटल, न्यू हीरा बेकरी, स्काई ऑटोमोबाइल्स, भसीन मोटर्स, बुल कंस्ट्रक्शन एवं एएन ऑटोमोबाइल्स, श्रीराम हॉस्पिटल डगनिया।

### समर में संडे मूवी मस्ती फेवरेट

स्टूडेंट्स रश्मि साहू, मधु और रोहित ने कहा कि हरिभूमि-आईएनएच न्यूज, संडे मूवी मस्ती समर की छुट्टी में हर साल हमारा फेवरेट इवेंट हैं। इससे हम दोस्तों व फैमिली के साथ जब से यह आयोजन हो रहा है, तब से हर साल एंजॉय कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने आगे कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र में व आईएनएच न्यूज चैनल पर एजुकेशन से जुड़ी खबरें भी देखते हैं।



### स्पेशल गेस्ट विधायक साहू ने ये कहा

- स्पेशल गेस्ट रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र प्रदेश में ग्रामीण व शहरी जनसरोकार से जुड़ी खबरों के प्रकाशन में अव्वल है। हरिभूमि-आईएनएच संडे मूवी मस्ती कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। दर्शकों के साथ फिल्म देखकर मुझे भी खूब आनंद आया। ऐसे कार्यक्रमों से हरिभूमि-आईएनएच ग्रुप नई जनरेशन से सीधे जुड़ रहा है।
- छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि हरिभूमि हमेशा जनसरोकार के समाचार प्रकाशन के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक नवाचार में अग्रणी रहा है। फिल्में मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश का बड़ा माध्यम हैं। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का संडे मूवी मस्ती आयोजन सराहनीय है।
- पार्षद एवं एमआईसी सदस्य, नगर निगम सरिता दुबे ने कहा कि हरिभूमि ने मनोरंजन के माध्यम से समाज को जोड़ने का जो कार्य किया है, वह बेहद प्रेरणादायक है।



# डांसर्स ने कथक, हिपहॉप, स्विंग से दिखाया टैलेंट का जलवा

### जजेस और पैरेंट्स हुए रोमांचित

हर वर्ग में सोलो, डुएट और ग्रुप केटेगरीज में प्रतिभागियों की कमाल की डांस परफॉर्मेंस दी। डांस फ्लोर पर प्रतिभागियों की प्रतिभा देख जजेस हैरान हो गए। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक डांस स्टेप्स से जजेस के साथ-साथ दर्शकों व अपने पैरेंट्स का भी दिल जीत लिया। फाइनल मुकाबले में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जजेस ने ताज पहनाया।

### विजेताओं को 25 हजार का नकद पुरस्कार

स्पीरिट डांसर सीजन-2 के ग्रैंड फिनाले में तीनों प्रमुख केटेगरीज में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 25000 रुपए तक की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सब-जूनियर वर्ग में 4–7 वर्ष तक, जूनियर वर्ग में 8–13 वर्ष तक, सीनियर वर्ग 14–20 वर्ष तक और ओपन केटेगरी में 21 वर्ष से अधिक तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



रायपुर। राजधानी के वीआईपी रोड स्थित एक मॉल में आयोजित स्पीरिट डांसर सीजन-2 का धमाकेदार डांसिंग आगाज हुआ। प्रतिभागी डांसरों ने सोलो डांस में हिपहॉप, स्ट्रीट डांस, कथक, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम और भरतनाट्यम तो डुएट में स्विंग, सालसा जैसे डांस से टैलेंट का जलवा दिखाकर जजेस को हैरान कर दिया। मौका था स्पीरिट डांसर सीजन-2 के ग्रैंड फिनाले का, जहां 30 फाइनलिस्ट के बीच जमकर डांस फ्लोर पर ताज अपने नाम करने डांसिंग का कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बीट्स एंड डांस एकेडमी की शबनम खान ने बताया कि बीट्स एंड डांस एकेडमी की ओर से राजधानी के उभरते डांस टैलेंट्स की खोज करने स्पीरिट डांसर सीजन-2 नाम से डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। हर साल की तरह इस साल भी प्रतियोगिता में कुल 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



24 मई को ऑडिशन राउंड के बाद 30 फाइनलिस्ट का चयन किया गया, जिन्होंने रविवार को ग्रैंड फिनाले में भाग लिया। प्रतियोगिता चार आयु वर्गों में रखी गई। इसमें सोलो, डुएट, ग्रुप डांस में अलग-अलग डांसिंग स्टाइल से प्रतिभागियों ने अपना डांस का टैलेंट दिखाया।



# बाल संस्कार शिविर और चरित्र निर्माण शिविर का समापन

रायपुर। कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में गीता परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय संस्कार एवं चरित्र निर्माण शिविर का समापन शनिवार को आनंद उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। शिविर में भाग लेने वाले बालकों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीता परिवार के संस्थापक स्वामी गोविंद देवगिरी के सानिध्य में एवं मध्यांचल प्रमुख प्रमिला माहेश्वरी की मार्गदर्शन में गीता परिवार के सदस्यों द्वारा बालकों को योग, श्रीमद भागवत गीता के 12वें अध्याय के श्लोक का अध्ययन, कहानी, ज्ञान इंद्रियां संवर्धन, बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए मनोरंजन खेल, प्रत्याक्षिक उद्बोधन और नित्य हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें बच्चों को पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ गीता परिवार के अभिभावक शशि बागड़ी, सचिव सीमा मिश्रा, रायपुर जिले की उपाध्यक्ष किरण जोशी एवं सोशल मीडिया प्रभारी इंद्रसेन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गीता परिवार अध्यक्ष गीत गोविंद साहू समेत अन्य का सहयोग रहा।

### जीवन मूल्यों और भारतीय संस्कृति से जुड़े युवा

*शदाणी दरबार तीर्थ में आयोजित 16वां ग्रीष्मकालीन बाल संस्कार शिविर तिरंगा यात्रा और प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर डॉ. संत युधिष्ठिर लाल महाराज की प्रेरणा से 11 मई से शुरू हुआ था। शिविर के दौरान प्रतिदिन संवाद सत्रों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, आत्मबल, अनुशासन और अध्यात्म से जोड़ा गया। समापन अवसर पर पूज्य संत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल युद्ध लड़ने से नहीं, बल्कि अपने संस्कारों की रक्षा करने से शुरू होती है। दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नई पीढ़ी को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों, व्यवहारिकता और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है।*

शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में मची धूम

# संत कंवरराम मेले में उमड़ी भीड़, भजनों पर झूमे श्रद्धालु





रायपुर। शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में सिंधुड़ी की शान संत कंवरराम के जन्मोत्सव की धूम मची। अमरावती स्थित संत कंवर धाम के गद्दीनशीन सांई राजेश लाल साहिब के सानिध्य में यह आयोजन रविवार को किया गया। शुरुआत सांई के हाथों 151 जरुरतमंदों को अन्नदान से की गई। इसके बाद भगवान झूलेलाल और संत कंवरराम को पुष्प अर्पित करने, दीप प्रज्ज्वलन के बाद संत कंवरराम के जीवन पर एक डाक्युमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। मेले में मयूर भगत और संजू भगत की भजन मंडली आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने भजनों से पूरे माहौल को भक्तिमय कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर किया। रात 8 बजे भोग साहिब और प्रसाद वितरण किया गया।

### साधु समाज की मौजूदगी में आयोजन

*इसके बाद अतिथियों का उद्बबोधन और सम्मान समारोह संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष अमित जीवन, किशोर आहूजा, पवन प्रीतवानी, राजू तारवानी, राजकुमार सोनी, अचरमल वाधवानी, वासु जीवन ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। रतन लीलानी, अमर खट्टर, बासाराम बजाज और टीम, महिला विंग राधा राजपाल की टीम सभी पदाधिकारियों ने दिए गए दायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन राम खटवानी ने किया। इस सामाजिक आयोजन का हिस्सा बनने के लिए अलग-अलग क्षेत्र से समाज के लोग भारी तादाद में पहुंचे।*



## हेल्थ टिप्स

### बड़े फायदे हैं डम्बल शोल्डर श्रग एक्सरसाइज करने के



जिम में वर्कआउट करते हुए हम अपनी बॉडी के हर पार्ट की एक्सरसाइज करते हैं। चेस्ट व बैक की ही तरह शोल्डर को भी नजरअंदाज नहीं किया जाता है। शोल्डर डे के दिन कई तरह की एक्सरसाइज को लोग अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करते हैं। इन्हीं में से एक है डम्बल शोल्डर श्रग्स। इसे एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना जाता है, जो आपके शोल्डर को मजबूत बनाने में मदद करती है। साथ ही, आपको गर्दन में अकड़न या दर्द की शिकायत होने की संभावना भी काफी कम हो जाती है।

यह एक बेहद ही सिंपल एक्सरसाइज मानी जाती है, जिसे हर कोई अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल कर सकता है। लेकिन इसके ढेर सारे फायदे हैं। हो सकता है कि आपको लगे कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करते हुए बस डम्बल पकड़कर कंधों को ऊपर-नीचे ही तो करना है, लेकिन इसका असर जबरदस्त होता है। तो चलिए आज इस लेख में पावरलिफ्टिंग में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर और एनीटाइम फिटनेस के फिटनेस ट्रेनर विनय माहौर आपको बता रहे हैं कि डम्बल शोल्डर श्रग्स करने से आपको क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं-


डम्बल शोल्डर श्रग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो आपके ट्रैप्स यानी ट्रैपेज़ियस मसल्स पर काम करती है। ये मसल्स आपके शोल्डर के ऊपरी हिस्से और गर्दन के आस-पास होते हैं। जब ये मसल्स स्ट्रॉन्ग होते हैं तो आपके शोल्डर और गर्दन की शेप भी काफी अच्छी आती है। इससे आपके शोल्डर चौड़े और ज़्यादा परिभाषित दिखते हैं।

#### पोश्चर होता है बेहतर



आज के समय में शरीर में होने वाले अधिकतर दर्द के पीछे की वजह बैड पोश्चर होता है। हममें से ज़्यादातर लोग घंटों मोबाइल या लैपटॉप पर झुके रहते हैं, जिससे पीठ झुक जाती है और शोल्डर आगे आ जाते हैं। ऐसे में डम्बल शोल्डर श्रग करने से आपको फायदा मिल सकता है। श्रग्स आपके कंधों को ऊपर और पीछे खींचते हैं, जिससे आपका बॉडी पोश्चर सुधरता है। अच्छा पोश्चर होने की वजह से गर्दन और पीठ के दर्द की शिकायत भी काफी कम हो जाती है।

#### डेली काम बनता है आसान



आपको शायद पता ना हो, लेकिन डम्बल शोल्डर श्रग करने से आपका डेली काम भी काफी आसान बन जाता ह। दरअसल, यह एक्सरसाइज आपके ट्रैप्स मसल्स को स्ट्रॉन्ग बनाती है और ट्रैप्स मसल्स स्ट्रॉन्ग होने से रोज के काम जैसे भारी बैग उठाना, बॉक्स शिफ्ट करना या बच्चों को गोद में उठाकर रखना भी आसान हो जाता है। श्रग्स करने से आप अपने दैनिक जीवन में वजन उठाने में अधिक आसानी महसूस करते हैं।

#### टाइम और स्पेस होती है बचत

अक्सर लोग कई एक्सरसाइज को अपने वर्कआउट रूटीन से सिर्फ इसलिए स्किप कर देते हैं, क्योंकि उन्हें करना काफी कठिन होता है या फिर उसके लिए हैवी मशीन की जरूरत होती है। जबकि श्रग्स करना बहुत आसान है। इसके लिए आपको बस एक जोड़ी डम्बल चाहिए। इसे आप बेहद ही कम स्पेस में आसानी से कर सकते हैं और मुश्किल ना होने की वजह से बिगनर भी इसे आसानी से कर सकते हैं।

#### मजबूत होते हैं ट्रैप्स मसल्स

डंबल शोल्डर श्रग एक्सरसाइज का मुख्य लाभ यह है कि यह ट्रैप्स मसल्स को मजबूत करता है। ट्रैप्स मसल्स कंधे के ऊपरी हिस्से और गर्दन के आसपास होते हैं और इन्हें मजबूत करने से कंधे चौड़े और मजबूत दिखते हैं।

#### ताकत बढ़ती है पकड़ की

डंबल श्रग एक्सरसाइज आपकी पकड़ की ताकत बढ़ाने में मदद करती है। जब आप डंबल को पकड़कर कंधों को ऊपर उठाते हैं, तो आपकी पकड़ की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। डंबल श्रग एक्सरसाइज आपकी ऊपरी पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करती है, जिससे आपका पोस्चर बेहतर होता है। मजबूत ट्रैप्स मसल्स कंधों से जुड़े एक्सरसाइज में सुधार करते हैं, जैसे कि डेडलिफ्ट, ओवरहेड प्रेस और रोइंग।

● जानिए शरीर में खून का थक्का बनने की वजह

# गंभीर समस्याओं की वजह बन सकता है शरीर में खून का थक्का, प्रतिरक्षा तंत्र पर आ सकता है गंभीर संकट

शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि ये खुद से ही अपनी रक्षा कर सकता है। ये तंत्र लगातार काम करता रहता है, इस तरह से, कि कई बार आपको पता भी नहीं चलता और शरीर कई समस्याओं से मुकाबला करके आपको बड़ी दिक्कतों से बचा लेता है। खून के थक्के बनना (ब्लड क्लॉटिंग) भी ऐसी ही एक स्थिति है जो शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शरीर रक्त के थक्के बनाकर चोट और रक्तस्राव की स्थिति में ज्यादा खून बहने से बचाता है।

खून के थक्के बनना अच्छा संकेत है, पर अगर ये थक्के अधिक या बिना किसी कारण के बनने लगें तो इसके गंभीर और जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। शरीर में खून के थक्के बनने की प्रक्रिया को थ्रॉम्बोसिस कहा जाता है। यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो चोट लगने पर



अत्यधिक खून बहने से बचाती है। लेकिन जब बिना चोट के या गलत जगह पर खून के थक्के बनने लगते हैं, तो यह गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के लिए भी अनावश्यक रूप से खून के थक्के बनने को कारण माना जाता है।

## रक्तस्राव की स्थिति में फायदेमंद है ब्लड क्लॉटिंग




रक्तस्राव की स्थिति में आपका लिवर तुरंत एक्टिव हो जाता है और आपके खून में मौजूद प्लेटलेट्स को चिपकाकर रक्त के थक्के बनाता है और रक्तस्राव को रोकने में मदद करता है। हालांकि कुछ स्थितियों में शरीर में बिना चोट के भी थक्के बनने लगते हैं जिसके कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। रक्त के थक्के जमने की इस तरह की समस्या खतरनाक हो सकती है, खासकर तब जब इसका समय पर इलाज न मिले। धमनियों में रक्त के थक्के बनने से हृदय तक रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है जिससे हार्ट अटैक-स्ट्रोक हो सकता है।

## ब्लड क्लॉटिंग के कारण होने वाली दिक्कतें

नसों में रक्त के थक्के बनने पर ये रक्तप्रवाह के माध्यम से शरीर के अन्य हिस्सों में भी जा सकते हैं। डीप वेन थ्रोम्बोसिस- आपके पैर, हाथ, लिवर, आंतों या किडनी की नसों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। पल्मोनरी एम्बोलस- आपके फेफड़ों में रक्त का थक्का बनने की समस्या है। धमनियों में रक्त के थक्के बनने की स्थिति स्ट्रोक, दिल का दौरा, पैरों में गंभीर दर्द, चलने में कठिनाई जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

## खून के थक्के क्यों बनते हैं?



लंबे समय तक बैठने या लेटे रहने (शारीरिक रूप से निष्क्रिय लोग) से खून का बहाव धीमा हो जाता है, इसके कारण भी खून के थक्के बनने की समस्या हो सकती है। गर्भनिरोधक गोलियां और हार्मोन थेरेपी शरीर में एस्ट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर थक्के बनने की आशंका बढ़ा देती हैं। अनावश्यक रूप से अगर शरीर में खून के थक्के बनने लगें तो इसका समय पर निदान और इलाज जरूरी हो जाता है।

# भगवान शिव को प्रसन्न करने सोमवार को करें ये उपाय



सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिव भक्त शिवजी की पूजा-पाठ आदि करने के अलावा उपवास भी रखते हैं। सोमवार के दिन कई कष्टों को दूर करने के लिए कुछ उपाय भी किए जाते हैं। जिनको करने से कई समस्याओं का निवारण होता है। यदि आप को भी किसी किसी तरह की कोई परेशानी है, तो आप ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी द्वारा बताए गए इन उपायों को सोमवार के दिन कर सकती हैं। इससे आपके जीवन की दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

सोमवार के दिन भगवान शिव को प्रसन्न करना चाहते हैं तो इस दिन भगवान शिव को सफेद चंदन लगाएं और शिव चालीसा का पाठ करें। क्योंकि सफेद चंदन भगवान शिव को बेहद प्रिय है। ऐसी मान्यता है कि अगर आप भोलेनाथ को प्रसन्न करना चाहते हैं तो सोमवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर उनका जल से अभिषेक करें और सफेद चंदन लगाकर शिव जी के मंत्रों का जाप करें। इससे लाभ हो सकता है।

## सोमवार को विवाह के उपाय

अगर किसी जातक के विवाह में कोई भी परेशानी आ रही है तो सोमवार के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की एक साथ पूजा करें। इससे शीघ्र विवाह के योग बनते हैं और वैवाहिक जीवन में आ रही बाधाएं भी दूर होती हैं। सोमवार के दिन 108 बेलपत्र लें और हर बेलपत्र पर चंदन से शिव-शंभू लिखें। इसके बाद एक-एक करके सभी बेलपत्र शिवलिंग पर चढ़ाएं। यदि किसी कन्या की शादी में बाधा आ रही है, तो उसे सोमवार के दिन पीले वस्त्र पहनकर शिवलिंग पर जल और नागकेसर का फूल चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा शिवलिंग पर गुलाब का इत्र अर्पित करें। इस उपाय को 11 सोमवार तक लगातार करें। इससे विवाह के योग बन सकते हैं और मनचाहे वर की प्राप्ति हो सकती है।

## सोमवार को तरक्की के उपाय

अगर आपकी नौकरी में किसी तरह की कोई बाधा आ रही है तो नौकरी में तरक्की के लिए सोमवार के दिन शिवलिंग पर शहद चढ़ाएं। सोमवार के दिन शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। आर्थिक समस्याओं से मुक्ति के लिए सोमवार के दिन गन्ने के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें। इससे लाभ हो सकता है।

## सोमवार को पारिवारिक शांति के उपाय

सोमवार का दिन भगवान शिव की पूजा को समर्पित है और सोमवार के सोम से चंद्रमा का संबंध है। चंद्रमा शांति का प्रतीक माने जाते हैं। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करें और उसकी पूजा करें।

# लू से बचना है तो अपनाइए इन्हें



चिलचिलाती गर्मी की वजह से लोगों के शरीर में पानी की कमी होना बेहद आम बात है। इसी के चलते इस मौसम में डॉक्टर्स ऐसे पकवानों के सेवन की सलाह देते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। क्योंकि अगर शरीर हाइड्रेट नहीं रहेगा तो लू लगने की संभावना और बढ़ जाती है। इसी के चलते इस मौसम में ऐसे ही पकवानों का सेवन बढ़ा देना चाहिए, जिसकी वजह से शरीर को गर्मी से राहत मिले। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस मौसम में भी खुद को फिट रख सकें।

## सत्तू का शरबत

यदि आप लू से बचकर रहना चाहते हैं तो अपने रूटीन में सत्तू के शरबत को शामिल करें। सत्तू का शरबत शरीर को गर्मी से राहत दिलाता है। इसे आप चाय और कॉफी की जगह पी सकते हैं। इसे कई तरह से पिया जा सकता है। बहुत से लोग सत्तू का शरबत मीठा पीते हैं, तो वहीं बहुत से लोग इसमें नमक, प्याज, हरी मिर्च बगैरह डालकर पीते हैं।

## मसाला छाछ

लू से बचने के लिए मसाला छाछ एक बेहतर विकल्प मानी जाती है। इसको आप आसानी से तैयार करके पी सकते हैं। अब तो बाजार में मसाला छाछ के पैकेट भी मिलते हैं, जिसको खरीद कर आप कभी भी पी सकते हैं। तो चाय-कॉफी छोड़िए और मसाला छाछ सा सेवन शुरू कीजिए।

## आम पना

बाजार में इस वक्त कच्चे आम मिलने लगे हैं। ऐसे में आप आम पना बनाकर उसका सेवन भी कर सकते हैं। आम पना पीने में काफी स्वादिष्ट लगता है। चाहें तो इसे अपने स्वाद के हिसाब से खट्टा या फिर मीठा बनाएं। इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ कच्चे आम को उबालकर उसका गूदा निकालना है और फिर उसमें मसाले डालने हैं।

## खीरे या ककड़ी का रायता

ककड़ी और खीरा दोनों ही चीजें शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती हैं। ऐसे में आप ककड़ी और खीरे का रायता बनाकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। दही वैसे भी शरीर को ठंडक पहुंचाता है, ऐसे में जब आप उसमें ककड़ी और खीरा मिक्स करेंगे तो उसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

# यूरिक एसिड बढ़ने का कारण हो सकती हैं आपकी आम गलतियां



यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

यूरिक एसिड का स्तर बढ़ना आजकल एक आम समस्या बन चुकी है। अगर इसे समय रहते नियंत्रित न की जाए, तो इसके कारण गठिया, किडनी स्टोन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खान-पान में गड़बड़ी के कारण यूरिक एसिड की दिक्कत बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान हो जाना चाहिए।

यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रित रखने के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। रेड मीट, सीफूड, अल्कोहल और मीठे पेय से दूरी बनाकर, स्वस्थ और पौष्टिक खानपान की आदत बना ली जाए तो इस समस्या से बचाव किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों के कारण आपका यूरिक एसिड बढ़ सकता है और इसे कैसे कंट्रोल किया जाए?

## पहले यूरिक एसिड के बारे में जान लीजिए



यूरिक एसिड शरीर में पाए जाने वाले प्यूरिन नामक तत्व के ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल रखने के लिए कुछ चीजों से दूरी बनाना या इनका सेवन कम करना चाहिए।

## रेड मीट और सी फूड नुकसानदायक

रेड मीट वैसे तो प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है पर इसका अधिक सेवन कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, रेड मीट का अधिक सेवन करने वालों में यूरिक एसिड और गाउट की आशंका अधिक पाई गई। इसी तरह झींगे, टूना और मैकेरल जैसे समुद्री मछलियों में भी उच्च मात्रा में प्यूरिन पाया जाता है। हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक अध्ययन ने पाया कि नियमित रूप से सीफूड का सेवन करने से भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ता है।


## शराब के कई सारे नुकसान

शराब को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, इससे यूरिक एसिड बढ़ने का भी खतरा रहता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग अक्सर अल्कोहल, विशेषकर बीयर पीते हैं, उनमें गाउट का खतरा लगभग दोगुना अधिक होता है। शराब से दूरी बनाना कई प्रकार के कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों से बचाव के लिए भी जरूरी है।

## ये चीजें भी हानिकारक

कोल्ड ड्रिंक, सोडा जैसे ड्रिंक्स भी शरीर में प्यूरिन के निर्माण को तेज कर सकते हैं। जामा जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि फ्रुक्टोज का अधिक सेवन यूरिक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ाता है। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड जैसे चिप्स-बिस्कुट, इंस्टेंट नूडल्स में ट्रांस फैट्स और रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करते हैं और यूरिक एसिड बढ़ा सकते हैं।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## विमान हादसे में म्यूजिक इंडस्ट्री की बड़ी शख्सियत शापिरो की मौत



कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में गुरुवार तड़के हुए एक विमान हादसे ने म्यूजिक इंडस्ट्री को एक बड़ा सदमा दिया है। इस दुर्घटना में 42 साल के डेव शापिरो अपनी जान गवा बैठे। वो हिवी रॉक और इंडिपेंडेंट म्यूजिक सीन के एक बेहद प्रभावशाली और फेमस टैलेंट एजेंट थे।

डेव शापिरो ने पीयर्स द वील, सम 41, स्टोरी ऑफ द ईयर, पॉप बैंड हैनसन और सिंगर-सॉन्गराइटर वेनेसा कार्लटन जैसे कई बड़े कलाकारों का प्रतिनिधित्व किया था। वो साउंड टैलेंट एजेंसी के सह-संस्थापक भी थे, जिसके दो कर्मचारी भी उनके साथ सवार थे और उनकी भी मृत्यु की पुष्टि की गई है।

साउंड टैलेंट एजेंसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि ₹हम अपने सह-संस्थापक, सहयोगी और दोस्तों को खोने से गहरा आहत हैं। हमारा दिल उनके परिवारों और इस त्रासदी से प्रभावित सभी के साथ है। कृपया इस मुश्किल समय में उनकी निजता का सम्मान करें।' इस एजेंसी के कार्यालय सैन डिएगो, न्यूयॉर्क और नैशविल में स्थित हैं।

डेव शापिरो ने 2018 में टिम बोरोर और मैट एंडरसन के साथ मिलकर साउंड टैलेंट ग्रुप की स्थापना की। इससे पहले वो एजेंसी ग्रुप और यूनाइटेड टैलेंट एजेंसी के अनुभवी सदस्य थे। उनके क्लाइंट में ईव 6, आई प्रिवेल, सेट इट ऑफ, सिल्वरस्टीन और पार्कवे ड्राइव जैसे कई दूसरे लोकप्रिय बैंड भी शामिल थे। वो नेशनल इंडिपेंडेंट ऑर्गनाइजेशन के भी संस्थापक सदस्य थे।

डेव शापिरो की पत्नी जूलिया शापिरो, ऑस्ट्रेलिया की एक फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं। वो इस दुखद हादसे के बाद गहरे सदमे

### टॉलीवुड

## एक्टर मनु गिरफ्तार, महिला ने लगाए यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग के आरोप



बेंगलुरु में टीवी अभिनेता मडेनूरु मनु को एक महिला कलाकार के यौन शोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 33 साल की बताई जा रही महिला ने अभिनेता पर यह आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के बाद कर्नाटक पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेंगलुरु के निवासी मडेनूरु मनु नागरभवी को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भी भेजा है। प्रारंभिक जांच में मनु ने स्वीकार किया है कि वह पीड़िता को जानते हैं, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को साजिश करार देते हुए इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, यह मामला केवल यौन उत्पीड़न का नहीं, बल्कि ब्लैकमेलिंग का भी है, जो एक निजी वीडियो को लेकर हुआ। पीड़िता ने बताया कि उनकी मुलाकात 2018 में कन्नड़ टीवी शो 'कॉमेडी खिलाड़ी' के सेट पर हुई थी। इसके बाद दोनों की दोस्ती हो गई थी। पीड़िता के मुताबिक, मनु ने उन्हें नागरभवी में एक किराए के मकान में रखा था। नवंबर 2022 में दोनों शिवमोग्गा जिले के शिकारीपुरा में एक कार्यक्रम में गए थे। कार्यक्रम के बाद, होटल में मनु ने उन्हें मिलने के बहाने बुलाया और वहां कथित तौर पर उनका यौन उत्पीड़न किया।

### भोजपुरी

## धमाकेदार फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का ट्रेलर रिलीज, दर्शकों ने लिया हाथों-हाथ



एसआरके म्यूजिक के बैनर तले रौशन सिंह की फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक मनोरंजक पारिवारिक कहानी का वादा करता है। लखनऊ के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माई गई इस फिल्म में रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित लीड रोल में हैं।

एसआरके म्यूजिक के बैनर तले निर्माता रौशन सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' का भव्य ट्रेलर आज रिलीज हो गया। ट्रेलर एस आर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है और वायरल हो रहा है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक मनोरंजक पारिवारिक यात्रा पर ले जाता है, जिसमें ह्यूमर, इमोशन, और ड्रामा का भरपूर तड़का देखने को मिलता है, जिसको लेकर निर्माता रौशन सिंह ने कहा, 'हमने 'ससुराल गेंदा फूल' को केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि हर परिवार की रोज़मर्रा की कहानी के रूप में गढ़ा है। इसमें रिश्तों की मिठास, नवविवाहिता की चुनौतियां, पारिवारिक तकरार और संस्कारों की खूबसूरती को दिखाया गया है। यह फिल्म दर्शकों को हंसाएगी, रुलाएगी और अंत में एक मीठा संदेश भी देगी।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि भारतीय संस्कृति, भावनाएँ और मनोरंजन तीनों का संतुलन बना रहे। ऋचा दीक्षित और रितेश उपाध्याय ने बेहतरीन अभिनय किया है और पूरी टीम ने फिल्म को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को उनके अपने जीवन से जुड़ी सी लगेगी। एसआरके म्यूजिक हमेशा ऐसी फिल्में लाता रहेगा जो परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकें। बात अगर ट्रेलर की करें तो इसकी शुरुआत लखनऊ के मनोरम लोकेशनों से होती है, जहां की खूबसूरत दृश्यावली दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित। ट्रेलर की पहली झलक में ऋचा दीक्षित बाइक पर पूरे स्वैग में नजर आती हैं, लेकिन तभी उनका एक्सीडेंट हो जाता है। यहीं से शुरू होती है कहानी के असल रंगों की यात्रा, जो शादी के बाद एक नवविवाहिता के ससुराल जीवन की चुनौतियों और हास्यप्रद परिस्थितियों के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्देशक संजय श्रीवास्तव के सधे हुए निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हास्य और भावनाओं की गहराई के साथ जोड़ता है।

## हल्के रंगों का चलन

लाइफ स्टाइल






अगले 12 महीनों में हल्के गुलाबी से लेकर आसमानी नीले तक, हल्के रंगों का इंद्रधनुष देखने को मिलेगा। सैंडी लियांग और ब्रैंडन मैक्सवेल जैसे रंग-प्रेमी लेबल, निश्चित रूप से हल्के-धुले हुए रंगों को जारी करना जारी रखेंगे, लेकिन उनके साथ पारंपरिक रूप से तीखे ब्रांड जैसे कि रबैन भी शामिल होंगे। इसकी लोकप्रियता फैशन के क्लासिक्स रूप की व्यापक वापसी का एक सुखद साइड इफ़ेक्ट है। इस तरह, नॉटिकल प्रिंट को ट्रेंच कोट, लोफ़र्स और ब्लू जींस के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

## करी पत्ता और दही की मदद से मिलेगा चमकता चेहरा

दमकती स्किन पाने की हसरत आखिर किसकी नहीं होती, लेकिन इसके लिए महंगे प्रोडक्ट्स या केमिकल बेस्ड ट्रीटमेंट का इस्तेमाल करना शायद उतना बेहतर ऑप्शन नहीं है। हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आप नेचुरल तरीके से अपनी स्किन की केयर करें और उसे ब्राइटन बनाने के लिए उपाय अपनाएं। ऐसे में करी पत्ता और दही को इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। ये दोनों इंग्रीडिएंट्स आपकी स्किन को नेचुरली चमकदार, साफ और फ्रेश बनाने में मदद करते हैं।

अमूमन हम सभी अपनी डाइट में इन दोनों इंग्रीडिएंट्स को शामिल करते हैं, जबकि आपको इसे अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा भी बनाना चाहिए। जहां करीपत्ते में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट्स स्किन की डलनेस और पिगमेंटेशन को कम करते हैं। वहीं, दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड स्किन को जेंटल तरीके से एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। तो चलिए आज इस लेख में



आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि करीपत्ता और दही आपकी स्किन को ब्राइटन बनाने में किस तरह मददगार साबित हो सकता है-

ब्राइटन स्किन पाने में करीपत्ता और दही किस तरह मददगार है

करीपत्ता और दही का कॉम्बिनेशन आपकी स्किन को बहुत अधिक फायदा पहुंचाता है। जहां करीपत्ते में विटामिन ए, सी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स आदि पाए जाते हैं, जो स्किन में मौजूद फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और डलनेस और पिग्मेंटेशन को कम करने में मदद करते हैं। वहीं, इनमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दाग-धब्बे और टैनिंग को भी कम करने में मदद करते हैं।

जबकि दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो एक माइल्ड एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है। ये डेड स्किन सेल्स को हटाकर स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाता है। दही एक नेचुरल ब्लीच की तरह भी काम करती है, जिससे स्किन अधिक इवन टोन व ग्लोइंग बनती है।

करी पत्ते और दही से बनाएं फेस पैक

स्किन ब्राइटनिंग के लिए आप करी पत्ते और दही की मदद से फेस पैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती है। इससे स्किन फ्रेश और सॉफ्ट लगती है। साथ ही साथ, डलनेस और टैनिंग भी दूर होती है। इसके लिए आवश्यक सामग्री 10-15 करीपत्ता और दो बड़े चम्मच दही चाहिए।

कैसे बनाएं

करी पत्ते लेकर इसे अच्छे से धोकर पीस

## न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट हैं लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट

फैशन



अगर आप कुर्ती-पेंट स्टाइल करने की सोच रही हैं तो, आप इस तरह के कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस आउटफिट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप ऐसा चाहती हैं तो, कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह कुर्ती-पेट ऑफिस जाने के दौरान साथ ही, किसी भी पार्टी या किसी खास मौके परशामिल होने के दौरान वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इस आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू नजर आएगा तो, साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी।



### लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट

न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए हम आपको 3 लेटेस्ट डिजाइंस वाले कुर्ती-पेंट सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के आउटफिट में जहां आपका लुक न्यू और स्टाइलिश नजर आएगा तो, साथ ही आप सुंदर भी नजर आएंगी।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती-पेंट सेट

फ्लोरल आउटफिट महिलाएं काफी पसंद करती हैं और इस फ्लोरल प्रिंट आउटफिट में आपका लुक सुंदर भी नजर आता है। वहीं अगर आप फ्लोरल प्रिंट में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। इस आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आएगा और इसे आप 1,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट के साथ आप सिंपल पर्ल वर्क इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट

स्टाइलिश लुक के लिए अप इस तरह के प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही, इस प्रिंटेड कुर्ती-पेंट सेट को स्टाइल करने के बाद आप सुंदर भी नजर आएंगी। यह सूट आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही, आप ऑफलाइन भी इस आउटफिट को सस्ते कीमत में खरीदकरस्टाइल कर सकती हैं।

## अपने फेस शेप के हिसाब से चुनें टीका

जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो तरह-तरह की एक्सेसरीज को अपने लुक का हिस्सा बनाना पसंद करती हैं। इयररिंग्स से लेकर नेकपीस तो हम लड़कियां अक्सर ही पहनती हैं। लेकिन अगर आप अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में मांग टीका को अपने लुक का हिस्सा बनाएं। यकीन मानिए, मांग टीका स्टाइल करते के साथ ही आपका लुक पूरा बदल जाएगा। लेकिन यह केवल तभी संभव है, जब आप सही मांग टीका का चयन करें।

दरअसल, मार्केट में कई अलग-अलग तरह के डिजाइन्स के मांग टीका मिलते हैं, जिन्हें अक्सर हम बस उनकी खूबसूरती देखकर खरीद लेते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि हर डिजाइन हर किसी पर अच्छा ही लगे। इसके लिए पहले आपको अपने फेस शेप पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यह कुछ ऐसे ही है, जिस तरह आप अपने बॉडी शेप को ध्यान में रखकर आउटफिट खरीदती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आपके फेस शेप पर किस तरह का मांग टीका डिजाइन अच्छा लगेगा



### राउंड फेस शेप के लिए मांग टीका

अगर आपका फेस शेप राउंड है तो ऐसे में यकीनन आपके गाल थोड़े चौड़े होंगे और चेहरे की लंबाई और चौड़ाई करीब-करीब बराबर होगी। ऐसे में आप लंबा व सीधा मांग टीका स्टाइल करने की कोशिश करें। इससे आपका चेहरा थोड़ा लंबा नजर आएगा। इसके अलावा, पेंडेंट स्टाइल मांग टीका भी आपके चेहरे को स्लिम दिखाएगा। कभी भी आपको बहुत चौड़े या गोल मांग टीके नहीं पहनने चाहिए, क्योंकि ये आपके चेहरे को और भी गोल दिखा सकते हैं। मांग टीका पहनते समय पहले माथे का हिस्सा बीच में करें और बालों को दोनों तरफ थोड़ा वॉल्यूम दें, इससे लुक बैलेंस्ड लगेगा।

## साड़ी लुक को खूबसूरत बना देंगे स्टाइलिश ब्लाउज

भारतीय महिलाएं साड़ी न पहनने ऐसा हो ही नहीं सकता है। ऐसे में अगर आप भी किसी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनना चाहती हैं और सभी के सामने अपनी खूबसूरती से सभी को खुश करना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे डिजाइनर ब्लाउज बताएंगे, जिन्हें आप ट्राई कर अपने साड़ी लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं।



### प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने घर की शादी या किसी भी ख़ास फंक्शन में साड़ी पहनने वाली हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक को बेहतरीन बनाने के लिए इस खूबसूरत प्रिंटेड पान ज़री साड़ी ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं। इस ब्लाउज को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। आप चाहें तो इस ब्लाउज को अपनी साइज के हिसाब से टेलर की मदद से बनवा सकती हैं। यह ब्लाउज आपके साड़ी लुक को एलिगेंट टच देने में बेहद मदद करेगा।

### स्क्वायर नेक साड़ी ब्लाउज

अगर आप अपने ऑफिस या कॉलेज में अपने साड़ी लुक से सभी को दीवाना बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत डिजाइनर ब्लाउज को शामिल कर सकती हैं।

इस ब्लाउज की खूबसूरती आपको मॉडर्न और रॉयल लुक देने में बेहद मदद करेगी। आप इसे अपनी साइज के हिसाब से टेलर से बनवा सकती हैं या मार्केट से ऐसे ब्लाउज को रेडीमेड खरीद सकती हैं। अपने साड़ी लुक को भीड़ से हटके दिखाने के लिए अगर आप भी काफी कोशिशें करती हैं।

कार्नर न्यूज

## पार्टी के लिए कुछ खास तरीके से होनी चाहिए आपकी ग्रूमिंग

# पार्टी में जाने की तैयारी है तो पहले याद रखिए कुछ जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।

### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-

### एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है। इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है। इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की



टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है।

इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-



छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल। इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

### थोड़ा बहुत मेकअप

आजकल पुरुष भी मेकअप करते हैं। ये मेकअप आप भी कीजिए। लेकिन उस दिन मेकअप के खराब होने की संभावना बिलकुल न हो इसलिए आप एक दिन पहले मेकअप करके देख लें। समझ लें कि आपको कैसा लुक चाहिए और आप इसके लिए किस तरह का मेकअप कर सकते हैं।

### लंबे समय तक चलने वाले डियो

पार्टी में जाने से पहले आप ऐसे डियो का इस्तेमाल करें जो लॉन्ग लास्टिंग हों। जिनके साथ आप काफी देर तक फ्रेश महसूस कर पाएं।